P372

"दूसरों पर आरोप लगाने से पहले, स्वयं को परखना चाहिए"

सांध्य दैनिक

# इंदौर संकेत

आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650



राष्ट्रपिता को नमन...

dainikindoresanket24@gmail.com | इंदौर, बुधवार 15 अक्टूबर 2025 | ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 287 ■ पृष्ठ : 6 ■ मूल्य : 2

2 72 वर्षीय मां ने बेटे को दी किडनी

5 25 साल बाद शुभांगी अत्रे लौटीं अपने गांव

6 शहर के मुक्तिधामों को होगा जीर्णोद्धार

# गणेश चतुर्थी तक बनने वाली टीम सुमित का अभी तक नहीं हुआ ऐलान



आशीष गुप्ता (9425064357)

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** • मध्यप्रदेश के भाजपा संगठन की गिनती देश के आदर्श संगठनों में होती आई है, लेकिन पहले नगर अध्यक्ष के नाम के ऐलान टलता रहा फिर अब जबकि नगर अध्यक्ष घोषित सुमित मिश्रा हो गए तो उनकी टीम की घोषणा अटक गई। 10 माह से अधिक का समय बीत चुके हैं लेकिन भोपाल से हरी झंडी नहीं मिलने के कारण सुमित मिश्रा अपनी मर्जी की अपनी टीम नहीं खड़ी कर पा रहे हैं। आदर्श संगठन के तौर पर गिने जाने वाले मध्य प्रदेश भाजपा के संगठन में आखिर सुई अटकी कहाँ है? इसको लेकर तरह- तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। वहीं संगठन में जिम्मेदारी संभालने के लिए नेता बेकरार हो रहे हैं।

नेताओं के सब्र की लंबी परीक्षा संगठन और सत्ता के पदों पर लंबे समय से प्रतीक्षा कर रहे हाशिए पर पड़े भाजपा नेताओं के सब का बांध टूट रहा है। इसके साथ ही निगम-मंडलों में नियुक्तियां भी लंबित है। माना जा रहा है कि प्रदेश कार्यकारिणी को लेकर राज्य और केन्द्रीय नेतृत्व के बीच सहमति बन चुकी है, लेकिन प्रतीक्षारत नेताओं का इंतजार बढ़ता जा रहा है। पार्टी नेताओं का कहना है कि भाजपा अनुशासित और लोकतांत्रिक पार्टी है। संगठन के चरणबद्ध कार्यक्रम तय होते हैं और उसके आधार पर संगठन से जुड़े कार्य यथावत पूर्ण होते हैं। सबका समय निर्धारित है और उसी के अनुरूप प्रदेश कार्यकारिणी व अन्य घोषणाएं भी होंगी। असल में पांच साल के लंबे अंतराल के बाद भाजपा संगठन में बदलाव होने जा रहा है जो नेता लंबे समय से पार्टी में हाशिए पर चल रहे हैं, उन्हें उम्मीद है कि अब उन्हें मौका मिलेगा। हालांकि इस सिलेक्शन में भी पार्टी पर्याप्त समय ले चुकी है। प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल को भी भाजपा अध्यक्ष बने 100 दिन से अधिक हो गए हैं। लेकिन ये भी सही है कि लंबे समय बाद भाजपा में सत्ता से संगठन तक नए हाथों में कमान है। भाजपा में सत्ता का चेहरा पूरे बीस साल बाद बदला है। इधर संगठन में भी बीडी शर्मा की पारी लंबी रही है। लिहाजा अब जो चेहरों का चुनाव होगा उनमें पार्टी के सामने एक पद के लिए भी एक अनार सौ बीमार के हालात हैं।

## कार्यकारिणी की लिस्ट है तैयार!

सूत्रों के अनुसार सुमित मिश्रा द्वारा भेजी सूची, पर्यवेक्षकों की रिपोर्ट के आधार पर भोपाल में अनेक बैठकें हो चुकी है। इस बैठक सभी वरिष्ठ नेताओं, जनप्रतिनिधियों की अनुशंसा पर विचार कर लिस्ट तैयार हो चुकी है। लेकिन उसकी घोषणा का सबको इंतेज़ार है। सबकी निगाहें इस बात पर हैं कि सुमित मिश्रा की टीम में महामंत्री किसे बनाया जाता है। इससे ही पदाधिकारियों के चयन में किसकी चली इसको लेकर राजनीतिक कयास लगाए जा रहे है। ऐसा माना चूंकि अभी मध्य प्रदेश में चुनाव दूर हैं, ऐसे में प्रदेश संगठन की मजबूती के साथ सत्ता के रहते हुए पार्टी के अनुशासन को बरकरार रखना है। भाजपा में मध्य प्रदेश के संगठन को आदर्श कहा जाता है। इसलिए चुनौती ये भी है कि पार्टी के जो कार्यक्रम हैं उनमें संगठन अग्रणी रहे। विश्वनीय सूत्रों से जानकारी के मुताबिक इस हफ्ते तक मध्य प्रदेश में भाजपा संगठन की नई टीम की घोषणा हो सकती है। जानकारी कहते हैं कि तारीख तो तय नहीं है लेकिन जो जानकारी है उसके मुताबिक भाजपा दीपावली के बाद नई टीम का ऐलान कर सकती है। उसके बाद ही इंदौर में बीजेपी के टीम की घोषणा होगी।

## ब्रेकिंग न्यूज

- आरजेडी और वीआईपी में बनी सीट शेयरिंग पर बात, 18 सीटों पर चुनाव लड़ेगी मुकेश साहनी की पार्टी
- 2010 से भी बड़ा बहुमत हासिल करेगा एनडीए, पटना में बोले जेडीयू नेता संजय झा
- तालिबानी लड़ाकों ने लड़ाई के दौरान 15 मिनट में छीने पाकिस्तानी सुरक्षाबलों के हथियार
- महागठबंधन में सीट बंटवारे पर रार, 60 से ज्यादा सीटों की मांग पर अड़ी कांग्रेस
- ट्रंप ने दिवंगत चार्ली किर्क को मरणोपरांत प्रदान किया प्रेसिडेंशियल मेडल ऑफ फ्रीडम
- द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से मौतों के मामले में रूस-यूक्रेन जंग सबसे बड़ी घटना- ट्रंप
- इजरायल के दबाव के बाद हामास ने चार और बंधकों के शव सौंपे
- आज बीजेपी के लिए बिहार चुनाव प्रचार की शुरुआत करेंगे पीएम
- यूएस में भारतीय मूल के एनालिस्ट एशली टेलिस गिरफ्तार, चीन के लिए जासूसी का आरोप

# राहुल गांधी का नया नवाचार : प्रदेश के हर बूथ लेवल एजेंट से सीधे जुड़ेंगे

## दिल्ली-भोपाल के कांग्रेस दफ्तरों में बने कनेक्ट सेंटर, 70000 बीएलए हर वोटर का वेरिफिकेशन करेंगे

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**भोपाल** • चुनावों में वोटर लिस्ट में गड़बडियों को लेकर राहुल गांधी चुनाव आयोग को घेर रहे हैं। बीजेपी पर वोट चोरी का आरोप भी लगा रहे हैं। अगले चुनाव में जीत को लेकर राहुल गांधी कनेक्ट सेंटर के जरिए एमपी के हर बूथ की जानकारी से अपडेट रहेंगे। राहुल गांधी ने दिल्ली कांग्रेस मुख्यालय और भोपाल प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में कनेक्ट सेंटर तैयार कराए हैं। ये कनेक्ट सेंटर एमपी के हर मतदान केन्द्र के बूथ लेवल एजेंट्स से सीधे जुड़े रहेंगे।

दिल्ली से बनने वाले हर प्लान की जानकारी कनेक्ट सेंटर के जरिए बीएलओ तक पहुंचेगी। काम की रिपोर्टिंग और मॉनिटरिंग भी कनेक्ट सेंटर के जरिए होगी। राहुल गांधी ने दिल्ली से भोपाल के कनेक्ट सेंटर के लिए एक एक्सपर्ट को तैनात किया है। कांग्रेस अपने बूथ लेवल एजेंट्स के साथ ही बीजेपी और दूसरे दलों के बीएलए की जानकारी का रिकॉर्ड भी रखेगी। बीएलए को दिए गए टास्क की भोपाल के कनेक्ट सेंटर से निगरानी होगी। दिल्ली में राहुल गांधी की टीम कनेक्ट सेंटर के जरिए बूथ लेवल की जानकारी जुटाएगी।

### वॉर रूम में 9 टीमें होंगी

कम्युनिकेशन डिवीजन, ट्रेनिंग, कनेक्ट सेंटर, लीगल, नरेटिव कोआर्डिनेशन डिवीजन, सिविल सोसाइटी, वॉलेंटियर कनेक्ट, ऑर्गेनाइजेशन कम्युनिकेशन डिवीजन, कॉल सेंटर, एडमिनिस्ट्रेशन

**कनेक्ट सेंटर**- वॉर रूम से बूथ लेवल पर किए जाने वाले कामों की सबसे अहम कड़ी होगी। कनेक्ट सेंटर में जोन वार डेस्क होंगी। एक जोन में अधिकतम 5 विधानसभाएं शामिल होंगी। हर डेस्क का एक प्रभारी होगा और मैनेजमेंट सहयोग के लिए तीन से पांच सहयोगी भी होंगे। यह कनेक्ट सेंटर मंडलम स्तर से नीचे बूथ स्तर तक सीधे कनेक्ट रहेगा।



### 70 हजार बूथों पर बीएलए की नियुक्ति होगी

एमपी में कांग्रेस के 71 संगठनात्मक जिले हैं। 1100 के करीब ब्लॉक और 5 हजार मंडलम कमेटियां हैं। प्रदेश की 230 विधानसभाओं में करीब 70 हजार बूथ हैं। कांग्रेस जिलाध्यक्षों के बाद अब तेजी से ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति कर रही है। इसके बाद मंडलम अध्यक्षों की नियुक्ति होगी। 70 हजार मतदान केन्द्रों पर बूथ स्तर पर बीएलए( बूथ लेवल एजेंट) नियुक्त किए जाएंगे।

### ऐप पर हर वोटर की जानकारी को वेरिफाई करेंगे

- *एमपी कांग्रेस ने एक मोबाइल ऐप तैयार कराया है। इस पर एमपी की हर विधानसभा के सभी मतदान केंद्रों की जानकारी और वोटर्स की डिटेल दर्ज होगी। कांग्रेस के 70 हजार बीएलए अपने पोलिंग बूथ के हर वोटर की जानकारी को वेरिफाई करेंगे।*
- *बीएलए यह जांचेंगे कि मतदाता जीवित है या नहीं। मृत मतदाताओं के नाम हटवाने और मतदाताओं की जानकारी में यदि कोई गलती है तो निर्धारित फॉर्म भरवाकर उन्हें सुधरवाने का काम करेंगे।*
- *बीएलए को अपने बूथ की हर जानकारी आसानी से समझ आ सके, इस हिसाब से ऐप में जानकारी दर्ज कराई जा रही है। हर मतदाता का नाम हिंदी और अंग्रेजी, दोनों भाषाओं में होगा।*

कम्युनिकेशन डिवीजन- नरेटिव बनाने के लिए यह डिवीजन सबसे अहम होगा। इसमें मीडिया और सोशल मीडिया के डिवीजन शामिल होंगे, जो कंटेंट क्रिएट करने और उसके प्रसार का काम संभालेंगे। इसमें ऐसे लोग शामिल किए जाएंगे, जो सोशल मीडिया मामलों के एक्सपर्ट हों और जिन्हें राजनीति का भी अच्छा ज्ञान हो।

## बिहार एनडीए में सीट बंटवारे पर खींचतान

# जेडीयू-चिराग के बाद अब उपेंद्र कुशवाहा नाराज

### दिल्ली में आज शाह से करेंगे मुलाकात



**पटना (एजेंसी)** • बिहार में विधानसभा चुनाव हैं और एनडीए में सीट बंटवारे को लेकर घमासान मचा है। एक तरफ जेडीयू और चिराग पासवान की लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के बीच सीटों पर खींचतान चल रही थी और अब राष्ट्रीय लोक जनशक्ति मोर्चा के प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा की नाराजगी ने नया मोड़ ले लिया है।

सूत्रों के मुताबिक एनडीए में जेडीयू अपने कोटे की कुछ सीटें एलजेपी (रामविलास) को देने को तैयार नहीं थी। सोनबरसा, राजगीर, एकमा और मोरवा सीट को लेकर जेडीयू ने सख्त रुख अपनाया। बीजेपी इन सीटों को चिराग के खाते में डालने की कोशिश करती रही, लेकिन जेडीयू नहीं मानी। नतीजतन, जेडीयू ने इन चारों सीटों पर अपने उम्मीदवारों को पार्टी सिंबल भी दे दिया। जेडीयू ने अपने हिस्से की सिर्फ दो सीटें छोड़ीं।एक सिटिंग सीट तारापुर और दूसरी तेघड़ा। सूत्रों के अनुसार, जेडीयू ने तारापुर सीट के बदले बीजेपी से कहलगांव सिटिंग सीट अपने खाते में ले ली। इस तरह चिराग पासवान के खाते से कई क्रीम सीटें कट गईं। एलजेपी (आर) प्रमुख चिराग पासवान बीजेपी से दानापुर, लालगंज, हिसुआ और अरवल जैसी सीटें चाहते थे, लेकिन बीजेपी ने इन पर अपने उम्मीदवार पहले ही घोषित कर दिए। वहीं, उपेंद्र कुशवाहा भी महुआ सीट एलजेपी (आर) को दिए जाने से नाराज हैं। बीजेपी ने रातभर उन्हें मनाने की कोशिश की, लेकिन बात नहीं बनी। कुशवाहा ने अपने सभी उम्मीदवारों का सिंबल रोक दिया है।

# इंटरनेट सनसनी बनीं प्रदेश की दो लेडी सीएसपी




### सिवनी की पूजा पांडेय को जेल, ग्वालियर की हिना खान ने 'जय श्री राम' बोल निकाली आंदोलन की हवा

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**सिवनी/ग्वालियर** • मध्य प्रदेश पुलिस की दो महिला अधिकारी सीएसपी पूजा पांडेय (सिवनी) और सीएसपी हिना खान (ग्वालियर) सोशल और मेनस्ट्रीम मीडिया की सुर्खियों में छाई हुई हैं। दोनों के चर्चा में आने की वजह विपरीत है। एक ने करोड़ों रुपयों पर डकैती डाल पुलिस विभाग की बदनामी कराई, तो दूसरी ने जातीय तनाव के बीच समझदारी से काम लेकर वाहवाही बटोरी है।

सिवनी जिले में पदस्थ सीएसपी पूजा पांडेय पर हवाला कारोबारियों के 2.96 करोड़ लूटने का आरोप है। दरअसल, बीते 8-9 अक्टूबर की रात सिलादेही के जंगल में चेकिंग के दौरान कटनी से जालना जा रही हवाला की रकम मिली, जिसे पूजा पांडेय ने अपने अधीन पुलिसकर्मियों के साथ मिलकर हड़प लिया था।

मामले का खुलासा होने के बाद डीजीपी कैलाश मकवाना के आदेश पर पूजा पांडेय को सस्पेंड कर दिया गया। उन पर और टीआई अर्पित भैरम समेत 11 पुलिसकर्मियों पर डकैती, अपहरण जैसी गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया गया और उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस पर आरोप है कि उन्होंने ड्राइवर से मारपीट की और नकदी जब्त करने के बजाय वरिष्ठों को सूचित नहीं किया। उधर, ग्वालियर की सीएसपी हिना खान ने दलित बनाम सवर्ण आंदोलन की हवा निकालकर अपनी सूझबूझ का परिचय दिया। दरअसल, यह पूरा विवाद एडवोकेट अनिल मिश्रा के बाबा साहेब आंबेडकर पर विवादित टिप्पणी से शुरू हुआ। दलित संगठनों ने इस बयान के बाद 15 अक्टूबर को बड़े आंदोलन की चेतावनी दी थी, जिससे शहर में जातीय तनाव बढ़ गया था। तनाव के बीच, एडवोकेट अनिल मिश्रा ने अपने घर के बाहर रामायण पाठ करवाना चाहा, जिसे पुलिस ने नहीं होने दिया।



# रिटायर्ड आबकारी अधिकारी के 8 ठिकानों पर लोकायुक्त छापे

### इंदौर-ग्वालियर में धर्मेंद्र भदौरिया के घर-ऑफिस पहुंची टीम; गोल्ड और भारी कैश मिलने की सूचना

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर** • मध्यप्रदेश लोकायुक्त की टीम ने रिटायर्ड आबकारी अधिकारी धर्मेंद्र सिंह भदौरिया के 8 ठिकानों पर छापे मारे हैं। इंदौर में उनके ओल्ड पलासिया स्थित फ्लैट, बिजनेस पार्क और एरोड्रम रोड स्थित ऑफिस समेत 4 जगहों पर सर्चिंग चल रही है। वहीं, ग्वालियर में इंद्रमणि नगर स्थित घर पर भी अफसरों की टीम पहुंची है।

जानकारी के अनुसार, लोकायुक्त की टीम को छापे के दौरान बड़ी मात्रा में गोल्ड और कैश मिला है। टीम भदौरिया की संपत्ति और दस्तावेजों की जांच कर रही है। धर्मेंद्र सिंह भदौरिया अगस्त 2025 में सेवानिवृत्त हुए थे। इससे पहले 2020 में शराब ठेकों की नीलामी में लापरवाही के चलते उनको निलंबित किया गया था। नीलामी समय पर नहीं होने के कारण उनके खिलाफ यह कार्रवाई की गई थी।

# मध्यप्रदेश में चलेंगी 900 ई-बसें - सीएम मोहन



### एमपी के लिए 500 ई-बसों का टेंडर होना बाकी, 472 ई-बसों के लिए डिपो बनाएंगे नगर निगम

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**भोपाल** • प्रदेश के ग्वालियर, जबलपुर, उज्जैन, भोपाल, इंदौर नगर निगम क्षेत्रों में ई- बसों के लिए चार्जिंग स्टेशन बनाए जाने के बाद ई बसों का संचालन इन शहरों में होने लगेगा। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने स्वच्छता पुरस्कार वितरण के दौरान कहा कि प्रदेश में जल्दी ही नौ से अधिक ई बसें शुरू होंगी। इसके बाद अब नगरीय निकायों द्वारा चार्जिंग स्टेशन बनाने का काम तेज करने पर फोकस किया जाएगा। कुछ नगर निगमों में इसको लेकर टेंडर भी हो गए हैं।

**भारत सरकार से मिलेंगी 972 ई बसें**-नगरीय विकास और आवास विभाग को भारत सरकार ने 972 ई बसें एमपी के नगरीय निकायों के लिए देने का फैसला किया है। इसमें से 500 ई -बसों को पहले लॉट में दिया जाना था जिसमें से 472 ई बसों के लिए भारत सरकार के शहरी विकास मंत्रालय ने टेंडर कर दिए हैं और इसकी जानकारी एमपी के नगरीय विकास विभाग को मिल गई है। इसके आधार पर एमपी में फर्स्ट फेज में जिन नगर निगमों में ई बसें चलाई जानी हैं उन नगर निगमों भोपाल, जबलपुर, इंदौर, ग्वालियर, उज्जैन के प्रशासन को डिपो बनाने के लिए कहा गया है ताकि बसों के चार्जिंग स्टेशन बनने पर उन्हें खड़ा करने और चार्ज करने का काम किया जा सके। ऐसा होने तक ई बसें आ भी जाएं तो उनका संचालन नहीं हो पाएगा। सेंकेंड फेज में एमपी के सागर, देवास और सतना नगर निगमों को ई बसें दी जाना है। इसलिए पांच बड़े शहरों के साथ इन शहरों के निगमायुक्तों को भी ई बसों के लिए डिपो का स्थान तलाशने और इसके लिए टेंडर की प्रक्रिया जल्दी पूरी करने के निर्देश दिए जाएंगे ताकि वर्ष 2026 में शुरुआती दौर में ही इन स्टेशनों को शुरू कर ई-बसों का संचालन शुरू किया जा सके।

# 72 वर्षीय मां ने बेटे को दी किडनी : 3 साल से खराब थी 46 साल के बेटे की दोनों किडनी; ऐसे ही 4 केस में मां ही आगे आई

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • शहर में एक 72 वर्षीय बुजुर्ग महिला ने अपने बेटे को किडनी देकर उसे नया जीवन दिया है। उनके 46 वर्षीय बेटे की 3 साल पहले दोनों किडनियां खराब हो चुकी थीं। अब दोनों पूरी तरह स्वस्थ हैं और उन्हें डिस्चार्ज कर दिया गया है। बुजुर्ग महिला के स्वस्थ शरीर और जज्बे को देखकर डॉक्टर और समाज भी हैरान हैं।

सदर बाजार निवासी कमलेश वर्मा की लॉन्ड्री है। परिवार में पत्नी पुष्पा, बेटा जय (11), मां गंगा (72) और पिता ओमप्रकाश वर्मा (75) हैं। दो बहनें हैं, जिनकी शादी हो चुकी हैं।

एक बड़ा भाई विजय एडवोकेट है, वह परिवार के साथ जावर में रहते हैं। कमलेश को किसी भी प्रकार का व्यसन नहीं है लेकिन 2022 से उनकी तबीयत खराब होना शुरू हुई। उन्हें हाथ-पैर में



दर्द होने लगा और यूरीन में भी परेशानी शुरू हो गई। उन्होंने गीता भवन अस्पताल में दिखाया। जहां जांचें हुई तो पता चला कि दोनों किडनियां काफी खराब हो चुकी हैं। यहां करीब एक साल तक उनका डायलिसिस चला।

दूसरी ओर, खास बात यह है कि इंदौर के सरकारी सुपर स्पेशिएलिटी हॉस्पिटल में इस केस सहित हाल ही में 3 किडनी ट्रांसप्लांट हुए हैं। जिनमें मां ने ही बेटों को किडनी दी हैं। यही नहीं जल्द एक और किडनी ट्रांसप्लांट होने वाला है। जिसमें भी डोनर मां ही है।

### सरकारी अस्पताल में दो साल डायलिसिस चला

परिवार ने और जानकारी जुटाई तो पता चला कि सरकारी सुपर स्पेशिएलिटी हॉस्पिटल में आयुष्मान योजना में किडनी का इलाज होता है। यहां डॉक्टर को दिखाया। यहां भी कुछ जांचें हुई तो उसमें भी यही पता चला कि दोनों किडनियां खराब हैं। फिर यहां डायलिसिस शुरू हुआ। डॉक्टरों के मुताबिक कई बार पैदाइशी के दौरान बच्चे की किडनी कमजोर हो तो 20 से 40 साल की उम्र तक किडनियां पूरी तरह से खराब हो जाती है। आशंका है कि किडनी डेवलपमेंट में डिफेक्ट रहने के दौरान कमलेश की दोनों पूरी तरह कमजोर हो गई।

इस दौरान डॉक्टरों ने परिवार से बात की। उन्हें बताया कि परिवार में अगर किसी को किडनी डोनेट करना हो तो इसके लिए सबसे पहले ब्लड ग्रुप समान होने के साथ स्वस्थ होना जरूरी है। इसमें भी प्राथमिकता युवावस्था वाला संबंधी बेहतर होता है। खून के रिश्ते में भाई-बहन या नजदीकी रिश्तेदार की किडनी उपयुक्त होती है। यह तभी जब संबंधित डोनर स्वस्थ हो और कोई आपत्ति या परेशानी न हो। मां गंगा की सहमति के बाद सारी जांचें कराई तो किडनी मैच हो गई। यह भी पता चला कि उन्हें ब्लड प्रेशर, डायबिटीज सहित कोई बीमारी नहीं है। हीमोग्लोबिन सहित सारे मेडिकल पैरामीटर्स फिट हैं।

वह न तो कभी गंभीर बीमार हुई और न ही कोई सर्जरी हुई। कुल मिलाकर सारी रिपोर्ट्स नॉर्मल आई। इसके एक दिन पूर्व दोनों की फिर लेटेस्ट संबंधित जांचें हुई जिसमें मां की सारी रिपोर्ट्स अच्छी आई। डीन डॉ. अरविंद घनघोरिया के मार्गदर्शन में एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. विशाल कीर्ति जैन (यूरोलॉजी एमजीएम मेडिकल कॉलेज) और एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. रितेश कुमार बनोडे (नेफ्रोलॉजी डिपार्टमेंट) के साथ डॉक्टरों की टीम ने किडनी मैच और लीगल प्रोसेस के तहत 30 सितंबर के लिए ट्रांसप्लांट प्लान तैयार किया। यह प्लान तीन स्टेप्स के तहत किया गया। इसमें पहला प्री ऑपरेटिव असेसमेंट, दूसरा इंट्रा ऑपरेटिव मैनेजमेंट और तीसरा पोस्ट ऑपरेटिव मैनेजमेंट। इसमें तीनों स्टेप्स में संबंधित सारी जांचें कराई गईं कि किसी तरह की समस्या या तकलीफ तो नहीं है। चूंकि दोनों सर्जरी (रिसीवर और डोनर) साथ में होनी थी इसलिए सर्जरी टीम, एनेस्थीसिया टीम पूरी तरह तैयार रही।

## न्यूज इन ब्रीफ

### गीता रामेश्वरम टेस्ट द्वारा पत्रकार वर्मा किया स्वागत



**इंदौर** • गीता रामेश्वरम ट्रेस्ट के अध्यक्ष सत्यनारायण पटेल द्वारा सभी पत्रकारों का स्वागत किया। इस अवसर पर प्रेस क्लब के नवनिवाचित अध्यक्ष दीपक कदम की पूरी कार्य कारणीय का सम्मान के पश्चात वरिष्ठ पत्रकारों का सम्मान किया गया।

### मुख्यमंत्री का कड़ा रुख़

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • सिवनी हवाला मनी लूट मामले में पुलिसकर्मियों पर गिरी गाज। 11 के खिलाफ़ एफ़आइआर। पाँच हुए गिरफ़्तार। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने साफ कहा कानून का उल्लंघन करने वालों को बक्शा नहीं जाएगा।

### मिट्टी के दीये विक्रय कर से मुक्त रहेंगे, दिशा-निर्देश जारी

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • दीपावली पर्व के अवसर पर कुम्हारों द्वारा पारंपरिक रूप से मिट्टी के दीये बनाकर बाजारों में विक्रय के लिए लाने की परंपरा को देखते हुए कलेक्टर शिवम वर्मा की पहल पर जिला प्रशासन द्वारा महत्वपूर्ण आदेश जारी किया गया है। एडीएम रोशन राय द्वारा जारी आदेशानुसार दीपावली पर्व को ध्यान में रखते हुए पर्यावरण संरक्षण और परंपरागत व्यवसाय को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से मिट्टी के दीये के विक्रय में किसी प्रकार की बाधा न आए। ग्राम पंचायत एवं नगर पंचायत क्षेत्र में किसी भी तरह का कर वसूल नहीं किया जाये, इसके लिए प्रशासन द्वारा विशेष दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। आदेश में संबंधित सभी विभागों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं कि ग्रामीणों व कुम्हारों को मिट्टी के दीये बाजारों में बेचने के लिए किसी भी प्रकार की रोक-टोक न हो। साथ ही पर्यावरणीय दृष्टिकोण से अनुकूल इन पारंपरिक दीयों के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए आमजन को प्रेरित करने की बात भी कही गई है। अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित इस आदेश की प्रतियां पुलिस अधीक्षक, जिला पंचायत, नगर निगम, उप पुलिस अधीक्षक, जनपद पंचायतों सहित सभी संबंधित विभागों को भेजी गई हैं ताकि निर्देशों का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जा सके। प्रशासन ने अपील की है कि नागरिक अधिक से अधिक पारंपरिक गोबर एवं मिट्टी के दीयों का उपयोग करें, जिससे पर्यावरण संरक्षण के साथ स्थानीय कारीगरों को भी लाभ मिल सकें।

### दीपावली के अवसर पर राजवाड़ा पर लगने वाली परम्परागत रेहड़ी पटरी की दुकाने लगी रहेगी- महापौर

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि दीपावली के अवसर पर प्रतिवर्ष अनुसार



राजवाड़ा और जहां भी परम्परागत रूप से लगने वाली रेहड़ी एवं पटरी की दुकानें लगती है वो त्योहार के समय में लगी रहेगी। मान सम्मान के साथ स्वदेशी दीपावली को आगे बढ़ाने के लिए रेहड़ी पटरी वाले दुकानदार दीपावली की उपयोगी वस्तुओं को बेचने के लिए स्वतंत्र है ,महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने रेहड़ी,पटरी दुकानदारों को दीपावली की अग्रिम शुभकामनाएँ भी दी।

## सायबर सुरक्षा माह में रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड पर जागरूकता अभियान

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**



**इंदौर** • सायबर सुरक्षा माह कार्यक्रम के अंतर्गत निरीक्षक प्रीति बाथरी और उनकी टीम ने राजेंद्रनगर रेलवे स्टेशन में रेलवे स्टॉफ एवं लोकोपायलट को सायबर सुरक्षा हेतु जागरूक किया। रेलवे स्टेशन के साथ ही गंगवाल बस स्टैंड में बस संचालकों, ड्राइवरों एवं यात्रियों को भी सायबर सुरक्षा हेतु जागरूक किया गया। इस अवसर पर पंपलेट चस्पा कर लोगों को जागरूक किया गया। राज्य सायबर मुख्यालय भोपाल द्वारा सायबर जागरूकता माह के पालन में राज्य सायबर सेल जोन इंदौर पुलिस अधीक्षक सव्यसाची सराफ और उप पुलिस अधीक्षक महोदय नरेन्द्र रघुवंशी के दिशा निर्देशन में सायबर सुरक्षा माह कार्यक्रम चलाया जा रहा है। माहेश्वरी कॉलेज में भी छात्र छात्राओं, शिक्षकों एवं अन्य स्टॉफ को सायबर अपराध के तरीके, एवं बचाव के संबंध में विस्तृत जानकारी देकर सायबर शपथ दिलवाई गई। साथ ही सायबर पोर्टल, हेल्पलाईन नंबर 1930 के बारे में जानकारी दी गई।

## पुलिस कमिश्नर ने जनसुनवाई में सुनी आम नागरिकों की समस्याएं

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार आमजन की शिकायतों का निराकरण करनें एवं समस्याओं का त्वरित समाधान करनें के लिए प्रत्येक मंगलवार को जनसुनवाई आयोजित की जाती हैं। जिसके तारतम्य में पुलिस आयुक्त नगरीय संतोष कुमार सिंह द्वारा अति पुलिस आयुक्त अमित सिंह एवं सभी ज़ोन के अन्य अधिकारियों के साथ, 14 अक्टूबर को कमिश्नर कार्यालय के सभागार में जनसुनवाई में आमजन की शिकायत एवं समस्याओं को सुना तथा निराकरण करने के लिये उचित कार्यवाही करने के निर्देश दियें।

जनसुनवाई के दौरान आज 54 शिकायत आवेदन प्राप्त हुए, जिन्हे



पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह द्वारा आमजन की व्यथा व समस्याओं को सुनकर उनके निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित कर तत्काल कार्यवाही करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिये। जनसुनवाई मे प्रमुख रूप से आपसी विवाद, धोखाधड़ी, जमीन संबंधी विवाद, पारिवारिक विवाद व महिला अपराध संबंधी एवं अन्य समस्याओं से संबंधी शिकायती आवेदन प्राप्त हुए जिनके निराकण हेतु तत्काल कार्यवाही करने के लिए संबंधित थाना प्रभारियों एवं अधिकारियों को निर्देशित किया गया। तथा अन्य विभागों से संबंधित शिकायतों पर आवेदकों को संबंधित विभाग से संपर्क कर कार्यवाही के लिए बताया गया।

## दीपावली पर सुरक्षा सूत्र : बच्चों को लेकर पेरेंट्स ज़रूर अपनाएं

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • क्रिएट स्टोरीज़ सोशल वेलफेयर सोसाइटी द्वारा ऊर्जस्विनी स्पेशल स्कूल में बच्चों के लिए दिवाली पर विशेष देखभाल के लिए एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में ब्यूटी एक्सपर्ट सीमा सोनी ने बच्चों के लिए सुरक्षित और खुशनुमा दिवाली मनाने के संबंध में कई ज़रूरी टिप्स दिए । उन्होंने बताया यदि दिवाली में आपकी स्किन गलती से जल



जाये तो तुरंत ले लिए उसमे अलोवेरा जेल या सफ़ेद टूथपेस्ट लगायें। यहाँ बच्चों के लिए दिवाली की देखभाल के कुछ सुझाव दिए गए हैं- सुरक्षित दूरी बनाए रखें- पटाखों और जलते दीयों से बच्चों को हमेशा सुरक्षित दूरी पर रखें ताकि जलने या चोट लगने का खतरा न हो। ढीले कपड़े न पहनाएँ - दिवाली पर बच्चों को सिंथेटिक या ढीले कपड़े न पहनाएँ। हमेशा सूती (कॉटन) और थोड़े चुस्त कपड़े ही पहनाएँ। आँखों की सुरक्षा-सुनिश्चित करें कि बच्चे पटाखे चलाते समय या उनके आसपास रहने पर चश्मा (सेफ्टी गॉगल्स) पहनें या आंखों का विशेष ध्यान दें । त्वचा की देखभाल- पटाखों के धुएँ और प्रदूषण से त्वचा को बचाने के लिए, बच्चों की त्वचा को मॉइस्चराइज़ रखें और उन्हें ज़्यादा देर तक बाहर न रहने दें।

## मुख्यमंत्री को देशद्रोही, ओबीसी समाज को जाति सूचक गालियां देने पर दिया ज्ञापन



**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • सत्य शोधक समाज अंतराष्ट्रीय संयोजक सुनील सरदार के निर्देशानुसार ओबीसी पिछड़ा वर्ग समाज तथा अखिल भारतीय यादव महासभा के समर्थन में मुख्यमंत्री डाक्टर मोहन यादव को देशद्रोही व ओबीसी पिछड़ा वर्ग समाज जाति सुचक गालीयां तथा आरक्षण समाप्त कर संविधान खत्म करने वाले संत के खिलाफ सत्य शोधक समाज अंतराष्ट्रीय मध्य प्रदेश अध्यक्ष सदाशिव यादव काका के नेतृत्व सम्भाग युक्त के माध्यम से महामहिम राज्यपाल के नाम राष्ट्रीय प्रभारी हुकमचंद जादम सैनी के मुख्य अतिथि में युवा नेता अशोक यादव जय गोपाला ने अपने ज्ञापन का वाचन करते हुए बताया कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने प्रदेश के ओबीसी पिछड़ा वर्ग समाज को 27 प्रतिशत आरक्षण देने की घोषणा की, तो स्वामी आनंद स्वरूप ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के साथ समूचे ओबीसी पिछड़ा वर्ग समाज को जाति सूचक गालियां देकर, मुख्यमंत्री को देशद्रोही बताया, जिसे लेकर प्रदेश के यादव समाज व ओबीसी पिछड़ा वर्ग समाज में रोष उत्पन्न हूआ है। ऐसे संत के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करने का ज्ञापन दिया।

## मराठा राजाओं के अतीत की पहचान मालवा- मुख्यमंत्री

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • शहर में कल मराठी सोशल ग्रुप के चार दिवसीय जत्रा का समापन हुआ। इस मौके पर आयोजित समारोह में वर्चुअली मुख्यमंत्री मोहन यादव भी जुड़े। इस मौके पर उन्होंने कहा कि इंदौर में मीठी मीठी ठंड शुरू हो गई है। मराठी संस्कृति और व्यंजनों के रंग इस जत्रा में देखने को मिलते है। मालवा क्षेत्र में मराठा राजाओं की छाप है।



इंदौर में होलकर, देवास और धार में पंवार और उज्जैन सिंधिया राजपरिवार के अधीन था। यह इलाका मराठा राजाओं के अतीत की पहचान मालवा है। इन आयोजनों के बहाने संस्कृति को और गौरवशाली इतिहास याद किया जाता है। उन्होंने कहा कि मराठी व्यंजनों की अलग बात है। पारंपरिक मराठी व्यंजन मुझे भी पसंद है। अगली बार जत्रा में भी उन व्यंजनों का लुत्फ लेने जरुर आऊंगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री को बताया गया कि जत्रा में जो स्टॉल लगाए जाते है। वे गृहणियों द्वारा संचालित किए जाते है।

## इंदौर की मेजबानी में पहली बार हुआ राज्य स्तरीय बालरंग प्रतिस्पर्धा का आयोजन



**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय बाल रंग साहित्यिक प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय उत्कृष्ट बाल विनय मंदिर इंदौर में आयोजित किया गया ।कार्यक्रम का शुभारंभ नितीश पुरोहित डायरेक्टर एसजीएसआईटीएस कालेज इंदौर, श्रीमती अनिता चौहान जेडी लोक शिक्षण संभाग इंदौर, डॉक्टर शांता स्वामी भार्गव जिला शिक्षा अधिकारी इंदौर, प्राचार्य उत्कृष्ट विद्यालय व नोडल अधिकारी श्रीमती पूजा सक्सेना ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एव दीप प्रज्वलित कर विधिवत शुभारंभ किया गया। अतिथियों एवं निर्णायक गण व कोर कमेटी सदस्यों का स्वागत श्रीमती अनिता चौहान श्रीमती पूजा सक्सेना, श्रीमती सुनयना शर्मा ने किया । श्रीमती अनिता चौहान जेडी द्वारा स्वागत गीत की प्रस्तुति दी जिसे सभी ने सराहा, श्रीमती पूजा सक्सेना,श्रीमती सुनैना शर्मा ने राज्य राज्य स्तरीय बाल रंग महोत्सव साहित्यिक गतिविधि के संबंध में विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में संभाग की टीमों ने भाग लेकर उम्दा प्रदर्शन किया जिसे सभी ने सराहा। राज्य स्तरीय बालरंग प्रतियोगिता प्रचार- प्रसार समिति के सदस्य दिनेश परमार ने बताया कि राज्य स्तरीय बाल रंग साहित्यिक गतिविधि का आज परिणाम घोषित किया गया जिसमें वरिष्ठ वर्ग वादविवाद प्रतियोगिता में विपक्ष में निकेता इंदौर संभाग, प्रथम, वाद विवाद पक्ष में लक्की शेख भोपाल संभाग प्रथम, वरिष्ठ तात्कालिक भाषण श्रेयांश पटेल सागर संभाग प्रथम को सम्मानित किया गया।

## मुख्य मार्ग पर अतिक्रमण की बाढ़, नगर परिषद नतमस्तक, दीपावली से पहले बढ़ेगी मुश्किलें

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**गौतमपुरा** • दीपावली नजदीक आते ही नगर का बाजार चहल-पहल से भर गया है, लेकिन इसी के साथ अतिक्रमण की समस्या भी विकराल रूप लेती जा रही है । दरबार चौराहे से गीता भवन मंदिर तक कई दुकानदारों व रहवासियों ने मुख्य सड़क पर 5 से 10 फीट तक पेवर ब्लॉक बिछाकर और टिन शेड लगाकर स्थायी निर्माण शुरू कर दिए हैं । देखते ही देखते हनुमान बाजार में 12 से ज्यादा दुकानदारों ने स्थाई ब्लॉक व टीन शेड लगा कर मुख्य मार्ग पर कब्जा जमा लिया हे।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि नगर परिषद के अधिकारी और जनप्रतिनिधि इन अतिक्रमणकारियों के सामने नतमस्तक हैं। कई जगहों पर तो कर्मचारी स्वयं अतिक्रमण स्थलों पर खड़े दिखाई दिए , जिससे नगर परिषद की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। गीता भवन से दरबार चौराहे तक सड़क बन रही



दुकानदारों की संपत्ति दरबार चौराहे से गीताभवन तक करीब 20 से अधिक स्थानों पर सड़क का अतिक्रमण कर स्थायी निर्माण किया जा चुका है। लोग सरकारी भूमि पर पेवर ब्लॉक डालकर, टिन शेड लगाकर दुकानों का विस्तार कर रहे हैं। इससे राहगीरों के लिए रास्ता सिकुड़ गया है और यातायात में दिनभर रुकावट बनी रहती है ।

**ट्रैफिक व्यवस्था चरमराई : चार पहिया वाहनों के निकलने में मुश्किल :** मुख्य बाजार में पहले ही ट्रैफिक व्यवस्था अस्त-व्यस्त है। दोपहिया वाहन सड़कों के किनारे खड़े रहते हैं, जिससे दिनभर जाम लगता है । अब जब 5 से 10 फीट सड़क अतिक्रमण में चली गई है, तो आने वाले दिनों में दीपावली की भीड़ के बीच स्थिति और बिगड़ना तय है ।

- मुख्य मार्ग पर कब्जे की होड़ – नगर परिषद नतमस्तक, दीपावली से पहले बढ़ी अव्यवस्था
- गीता भवन से दरबार चौराहे तक सड़क बनी दुकानदारों की जागीर
- 5 से 10 फिट तक रोड पर कब्जा कर पेवर ब्लॉक और टिन शेड से लगाने की लगी होड – नगर परिषद देख रही तमाशा*
- ट्रैफिक व्यवस्था बिखरी, अतिक्रमण ने घटाई सड़क की सांसे

**गीताभवन क्षेत्र में सबसे बड़ा अतिक्रमण : दुकानों से बड़ा कब्जा सड़क पर :** गीताभवन मंदिर के बाहर दुकानदारों ने लगभग 15 फीट तक पेवर ब्लॉक बिछाकर और टिन शेड लगाकर सड़क पर कब्जा कर लिया है । कुछ ने तो दुकानों के आगे स्थायी प्लेटफॉर्म बनाकर उसी पर व्यापार शुरू कर दिया है । हर दिन सड़कें सिमटती जा रही हैं और नगर परिषद मूकदर्शक बनी हुई है ।

**जागरूक नागरिकों की मांग : तुरंत हटाए जाएं अतिक्रमण, वरना रोज होंगे विवाद :** नगर के जागरूक नागरिकों ने चेतावनी दी है कि यदि नगर परिषद ने समय रहते कार्रवाई नहीं की, तो दीपावली के दौरान जाम, विवाद और झगड़े की स्थिति बनना तय है। नागरिकों का कहना है कि नगर परिषद यदि वास्तव में शहर को स्वच्छ और सुव्यवस्थित बनाना चाहती है, तो अतिक्रमण पर कठोर कार्रवाई जरूरी है। इस मामले में गौतमपुरा नगर परिषद की सीएमओ मयूरी वर्मा से बात की गई तो उन्होंने कहा कि मैं इस विषय पर फोन पर चर्चा नहीं करूंगी

सांध्य दैनिक

# इंदौर संकेत

इंदौर, बुधवार 15 अक्टूबर 2025

## न्यूज इन ब्रीफ

### एमवाय अस्पताल में नवजात शिशु की मौत के मामले में हाईकोर्ट ने किया राज्य सरकार को नोटिस जारी

**इंदौर ●** एमवाय अस्पताल में नवजात शिशु की मौत का मामला हाईकोर्ट पहुंच गया है। अस्पताल में चूहों ने नवजातों के अंग काटे थे। दायर याचिका पर मंगलवार को न्यायमूर्ति प्रणय वर्मा ने राज्य शासन को व एमवाय के डॉक्टरों को नोटिस जारी करते हुए जवाब तलब किया है। याचिकाकर्ता देवराम निवासी जिला धार ने अपनी चार दिन की बच्ची की मौत के लिए अस्पताल प्रशासन और राज्य शासन की लापरवाही को जिम्मेदार ठहराया है। याचिका में कहा गया है कि नवजात पहले से जन्मजात विकार से पीड़ित थी और एमवाय अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती थी। इसी दौरान चूहों ने उसके हाथ की उंगलियां कुतर दीं, जिससे उसके शरीर में संक्रमण हुआ। इसके बाद उसकी मृत्यु हो गई। याचिका में मांग की गई है कि घटना की न्यायिक जांच किसी सेवानिवृत्त उच्च न्यायालय के न्यायाधीश की अध्यक्षता में कराई जाए तथा जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई के साथ 50 लाख रुपये का मुआवजा दिया जाए। कोर्ट ने राज्य सरकार, स्वास्थ्य विभाग, ट्राइबल वेलफेयर विभाग, मेडिकल कॉलेज एवं एमवाय अस्पताल के अधीक्षक को नोटिस जारी कर जबाव मांगा है। पेस्ट कंट्रोल करने वाली कंपनी पर डीन और अधीक्षक मेहरबान रहे। इसका खुलासा जांच के लिए गठित कमेटी की रिपोर्ट में हुआ है। अधीक्षक अशोक यादव व डीन अरविंद घनघोरिया को कंपनी का भुगतान करना और किए गए कामों के सत्यापन का अधिकार है।

### इंदौर संभाग में 82822 किसानों ने कराया पंजीयन

**इंदौर ●** इंदौर संभाग में 82822 किसानों ने कराया पंजीयन – मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर प्रदेश में किसानों के लिये लागू की गई भावांतर योजना के प्रति किसानों में खासा उत्साह है। योजना के तहत ई-उपार्जन पोर्टल पर सोयाबीन फसल के पंजीयन का कार्य 03 अक्टूबर से प्रारंभ होकर तेजी से जारी है। निर्धारित पंजीयन केंद्रों पर किसानों द्वारा उत्साह के साथ भावांतर योजना अंतर्गत पंजीयन कराया जा रहा है। इंदौर संभाग के सभी आठों जिलों में 13 अक्टूबर तक 82822 किसानों द्वारा कुल 210790 हेक्टेयर रकबे के सोयाबीन फसल का पंजीयन कराया जा चुका है। पंजीयन की अंतिम तिथि 17 अक्टूबर है। भावांतर योजना के तहत इंदौर संभाग में सबसे अधिक इंदौर जिले में 35895 किसानों ने कुल 97119 हेक्टेयर रकबे के सोयाबीन फसल का पंजीयन कराया है। इसी तरह धार जिले में 20676 किसानों द्वारा 59229 हेक्टेयर रकबा, खरगोन जिले में 8316 किसानों द्वारा 15622 हेक्टेयर रकबा, खण्डवा जिले में 8365 किसानों द्वारा 19753 हेक्टेयर रकबा, बड़वानी जिले में 8248 किसानों द्वारा 8721 हेक्टेयर रकबा, झाबुआ जिले में 4713 किसानों द्वारा 7341 हेक्टेयर रकबा, बुरहानपुर जिले में 1322 किसानों द्वारा 2310 हेक्टेयर रकबा और आलीराजपुर जिले में 757 किसानों द्वारा 695 हेक्टेयर रकबे के सोयाबीन फसल का पंजीयन अब तक कराया गया है भावांतर योजना के तहत सोयाबीन फसल के पंजीयन का कार्य 17 अक्टूबर तक चलेगा। किसानों से अपील की गई है कि वे निर्धारित पंजीयन केन्द्रों पर जाकर शीघ्र अपनी फसल का पंजीयन करायें।

# नो-एंट्री और वन-वे का सख्ती से पालन, फिर भी मप्र शासन लिखी कार के ड्राइवर ने अफसर से बात कराई

इंदौर के राजवाड़ा और आसपास के बाजारों में ट्रैफिक अधिकारियों ने मंगलवार को बड़े वाहनों के प्रवेश निषेध और वन-वे मार्गों का दौरा किया। लेकिन रात होते-होते ही व्यवस्थाएं बिगड़ गईं। राजवाड़ा क्षेत्र में भोपाल नंबर की 'मध्यप्रदेश शासन' लिखी एक कार को ट्रैफिक सिपाही ने रोका। ड्राइवर और सिपाही के बीच काफी देर तक बहस हुई। इसके बाद ड्राइवर ने किसी अफसर से बात कराई, जिसके बाद कार को राजवाड़ा क्षेत्र में प्रवेश की अनुमति दे दी गई।

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर ●** डीसीपी ट्रैफिक और जोन-4 का प्रभार संभाल रहे आनंद कल्यादगी ने मंगलवार को ट्रैफिक पुलिस अधिकारियों के साथ रूट प्लान तैयार किया था। उन्होंने बाजार क्षेत्र का निरीक्षण कर मार्ग डायवर्जन, पार्किंग व्यवस्था और ट्रैफिक संचालन की समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान कृष्णपुरा छत्री से राजवाड़ा की ओर जाने वाले रास्ते पर बैरिकेड्स लगाए गए थे, जिनसे केवल दोपहिया वाहनों को गुजरने की अनुमति थी। हालांकि रात करीब 10 बजे 'मध्यप्रदेश शासन' लिखी कार (नंबर MP04 TB 1555) वहां पहुंची। मौजूद ट्रैफिक पुलिसकर्मियों ने उसे रोका और कुछ समय तक प्रवेश नहीं दिया। इसके बाद ड्राइवर ने किसी



अफसर से बात कराई, जिसके बाद बैरिकेड्स हटाकर वाहन को राजवाड़ा क्षेत्र में जाने दिया गया। इस मामले की जानकारी वीडियो सहित एडिशनल डीसीपी क्राइम ब्रांच राजेश दंडोतिया को दी गई। उन्होंने ट्रैफिक डीसीपी आनंद कल्यादगी को मामला देखने के लिए कहा। डीसीपी ने वीडियो देखने के बाद मामले की जांच कराने की बात कही है।

## बालक छात्रावास गौतमपुरा के छात्रों ने मनायी सेवा वाली दीवाली




**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर ●** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान क्रिकेटर सूर्य कुमार यादव और पलक मुछाल के साथ छात्रावास गौतमपुरा के छात्रों ने खुशहाल माहौल मैं दिवाली उत्सव सेलिब्रेट किया। जैन संघठन जीतो सेवा यूथ के प्रतीक सूर्या एवं उनकी यूथ विंग द्वारा आज ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर इंदौर मैं शहर के कई छात्रावासों एवं आश्रमों के छात्रों के साथ दीपावली उत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम मैं गौतमपुरा बालक छात्रावास के छात्रों द्वारा भी रंगारंग, देशभक्ति गीत से ओतप्रोत उत्कृष्ट प्रस्तुति दी गयी द्यकार्यक्रम मैं देश के युवा क्रिकेटर सूर्य कुमार यादव ने विभिन्न छात्रावासों के छात्रों को अपनी कला का परिचय देते हुए मोटिवेट किया। प्रसिद्ध सिंगर पलक मुछाल द्वारा बेहतरीन प्रस्तुति देते हुए सुमधुर गीतों की बौछार की गयी।

जीतो यूथ सेवा के प्रतीक जैन सर द्वारा एक बड़ा कौशल विकास केंद्र (स्किल सेंटर) बालक छात्रावास गोतमपुरा मैं खोलने की घोषणा के साथ ही वर्चुअल शुभारंभ भी किया गया।

पलक मूछ्यल ने शाम को यादगार बनाते हुए खूबसूरत प्रस्तुति के साथ शायरी भी सुनाई- यू तो लोग दिखावे के लिए दिल से मिलते है पर, जो दिल से मिलते है बड़ी मुश्किल से मिलते है...

कार्यक्रम मैं जीतो अपेक्स, जीतो इंदौर चैप्टर, जीतो एम. पी. सी. जी. के प्रमुख युवाओ द्वारा मेहनत और समर्पण से मुकबधीर और अन्य छात्रों के चेहरों पर प्रसन्नता और खुशी के सौंदर्य की बारीश की गयी द्य बीजलपुर छात्रावास के वार्डन सुरेश बैस, गोमटगिरी के वार्डन रवीन्द्र यादव, मुकबधिर संस्था के पुरोहित, गौतमपुरा बालक छात्रावास के वार्डन अनुज कुमार दुबे, प्रभारी श्रीमती चेतना सोलंकी, सहायक वार्डन त्रिपाठी, कमलेश राय, अरविंद मिश्रा, लखन डोडवे, आकाश इत्यादि द्वारा जैन जीतो संघठन को सफल कार्यक्रम की बधाई दी गयी।

## कुत्ते ने किया बच्ची पर हमला,भागते समय गेट फांदने के चक्कर में उंचाई से गिरी

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर ●** इंदौर के कनाडिया क्षेत्र का एक सीसीटीवी वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। यहां एक लड़की खेलने के लिए अपने घर से बाहर गई थी। इस दौरान वह गेट फांदने में गिर गई। उसे सिर और हाथ में चोट आई है। यह वायरल वीडियो सर्व संपन्न नगर का बताया जा रहा है। यहां पर वह अपने घर का गेट खोलकर बाहर की तरफ गई थी। इसी दौरान एक कुत्ता उसके पीछे पड़ गया। बच्ची भागते हुए वापस आई। जिसमें वह बंद गेट पर ही बचने के लिए चढ़ी और गेट की दूसरी तरफ अंदर आकर गिर गई। वीडियो में दिख रही बच्ची के नाम और जानकारी अभी सामने नहीं आई है।

शिवपुरी शहर की खुड़ा बस्ती में एक 8 वर्षीय बच्चे पर आवारा कुत्ते ने हमला कर दिया। यह घटना पास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसमें एक बाइक सवार ने बच्चे की जान बचाई।पूरी खबर पढ़ें

भोपाल के बागमुगालिया में एक 10 साल के बच्चे पर दो स्ट्रीट डॉग्स ने हमला कर दिया। इससे बच्चा बुरी तरह से जख्मी हो गया। कुत्तों ने उसे पैरों में काटा। कुत्तों के हमले से घबराए बच्चे को चौकीदार ने बचाया।पूरी खबर पढ़ें

**इंदौर में हर महीने डॉग बाइट के 10 हजार मामले** – इंदौर डॉग बाइट के मामले में प्रदेश में तीसरे पायदान पर है। यहां हर रोज औसतन 134 लोगों को कुत्ते अपना निशाना बना रहे हैं। एक दिन पहले ही बीएसएफ के छह जवानों को एक पागल कुत्ते ने अपना शिकार बनाया। दो जवानों को तो कुत्तों ने बुरी तरह से घायल कर दिया।

## अंतरक्षेत्रीय पावर लिफ्टिंग बॉडी बिल्डिंग टीम गठित

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर ●** ऊर्जा विभाग से संबंधित बिजली कंपनियों की टीमों की खेल प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए इंदौर रीजन की अंतर क्षेत्रीय पावर लिफ्टिंग, बॉडी बिल्डिंग टीम का गठन किया गया है। ये खिलाड़ी नवंबर में होने वाली प्रतियोगिता में इंदौर रीजन टीम की ओर से खेलेंगे व इंदौर का नाम रोशन करेंगे। बॉडी बिल्डिंग में पृथ्वीराज चौधरी, नितीन चौहान, संदीप मौर्य, तोषन प्रसाद शामिल हुए। इसी तरह पॉवर लिफ्टिंग में सुरेंद्र कुमार पटेल, पृथ्वीराज चौधरी, अंकुर गुप्ता, संदीप कुमार टांडिया, विशाल वर्मा इंजीनियर, विशाल वर्मा कार्यालय सहायक, अतुल समाधिया, संदीप पाटिल, वीरेंद्र कुमार सोलंकी शामिल किए गए हैं।

## शासकीय अधिकारी कर्मचारी दिपावली मिलन समारोह कार्यक्रम का आमंत्रण पत्र दिया

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर ●** राज्य स्तरीय बाल रंग महोत्सव उत्कृष्ट विद्यालय इंदौर में शासकीय अधिकारी कर्मचारी दिपावली मिलन समारोह का आमंत्रण पत्र श्री हरीश बोयत जी आयोजक एव रमेश यादव संयोजक, प्रशांत शास्त्री, प्रवीण यादव, आनंद हार्डिया, पवन शर्मा, कमलेश सिंह, दिनेश परमार प्रवक्ता, रितेश बनोदिया के द्वारा जेडी लोक शिक्षण संभाग इंदौर श्रीमती अनिता चौहान, डॉक्टर शांता स्वामी भार्गव डीईओ इंदौर, श्रीमती पूजा सक्सेना प्राचार्य उत्कृष्ट, मनोज खोपकर, प्राचार्य द्वाय श्रीमती छाया पंवार, श्रीमती सुनैना शर्मा, श्रीमती वंदना श्रीवास्तव, श्रीमती मुग्धा पंडित, श्रीमती बबीता हरायान, डॉक्टर एस के गर्ग, श्रीमती रत्ना गोलछा, श्रीमति राधा आगीवाल, प्रकाश शिक्कलकर अजय गड़गरी, शिवनारायण कोगे, भूपेंद्र सोलंकी, भूषण सराफ, राजीव जैन, सुमंत शर्मा, श्रीमति अंजुबाला सिंह, श्रीमती जेडी निज सहायक श्रीमती नीतू डोंगरे, गोहिल सहित जेडी स्टाफ, उत्कृष्ट स्टाफ, राजेश आचार्य, अनिल ओझा, विक्रम श्रीरसागर, जगदीश जोशी, अनुराग तिवारी, शैलेश जैन, दिनेश मनोरे, श्रीमती कल्पना जैन, ललित पारिख, सेठिया, शाहिद खान, सुनील कैथवास, हिमांशु अवस्थी, श्रीमती कामिनी साहू , गरिमा बारचे, अनिता पांडे, अंजू गौतम, तृप्ति शर्मा , मीना शेडके अंजना शर्मा, डॉक्टर रचना बजाय जजेस देवी अहिल्या विश्व विद्यालय एवं प्रदेश से आए मार्गदर्शक शिक्षको को दीपावली मिलन समारोह कार्यक्रम में पधारने का सभी अधिकारी प्राचार्य, शिक्षक, लिपिक वर्ग साथियों को आमंत्रण पत्र दिया गया।

## किन्नर ने दो लोगों पर लगाया रेप काआरोप्कहा- डेरे पर आकर धमकाया, मारपीट कर संबंध बनाए ; दर्ज की एफआईआर

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर ●** इंदौर के नंदलालपुरा क्षेत्र की एक किन्नर ने मीडियाकर्मी और उसके साथी पर दुष्कर्म, मारपीट और धमकी देने का गंभीर आरोप लगाया है। पंढरीनाथ थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर दोनों आरोपियों के खिलाफ दुष्कर्म, मारपीट और धमकी देने की धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक, किन्नर ने अपनी शिकायत में बताया कि 30 मई 2025 को उसके डेरे के गुरु के खिलाफ एफआईआर दर्ज हुई थी। इसके बाद 12 जून को आरोपी पंकज जैन अपने साथी अक्षय के साथ डेरे पर आया। आरोप है कि पंकज ने किन्नर पर जबरन संबंध बनाने का दबाव डाला और मना करने पर समाज को बदनाम करने और पुलिस कार्रवाई में एनकाउंटर कराने की धमकी दी।



### गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी

किन्नर का कहना है कि पंकज ने उसे पहली मंजिल पर ले जाकर जबरन संबंध बनाए और मारपीट भी की। बाद में धमकी दी गई कि यदि उसने यह बात किसी को बताई तो गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। घटना के बाद पीड़ित किन्नर ने अपने गुरु को जानकारी दी और मंगलवार को थाने पहुंचकर लिखित शिकायत दी।

### दो गुटों में चल रहा है विवाद

किन्नरों के दो गुटों में संपत्ति को लेकर विवाद चल रहा है। यहां गादी को लेकर पायल और सीमा गुरू के लोग कई बार आमने-सामने आ चुके हैं। इस मामले में सीपी संतोष सिंह एसआईटी का गठन भी कर चुके हैं, लेकिन एसआईटी तीन माह बाद भी खाली हाथ है। पहले इस मामले में एसआईटी में मुख्य भूमिका डीसीपी ऋषिकेश मीणा निभा रहे थे, लेकिन उनके ट्रांसफर होने के बाद एसआईटी ने आगे मामलों में जांच नहीं की। कुछ दिन पहले भी किन्नरों ने एक-दूसरे पर आरोप लगाए थे। वहीं अन्नपूर्णा थाने का घेराव भी किया था।

## साफ हाथ-सेहत का साथ, इंदौर ने उठाया ये बड़ा कदम

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर ●** ग्लोबल हैंड वॉशिंग डे-2025 के अवसर पर बुधवार को शहर में साफ हाथ-सेहत का साथ थीम के तहत एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम स्लम बस्ती रघुनंदन बाग में आयोजित होगा, जिसमें नगर निगम आयुक्त दिलीप कुमार यादव भी शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में यूनिसेफ के विशेषज्ञ बच्चों और स्थानीय



निवासियों को हाथ धोने के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी देंगे। वे बताएंगे कि कैसे नियमित और सही तरीके से हाथ धोना बीमारियों से बचने का सबसे आसान और प्रभावी तरीका है। कार्यक्रम का एक मुख्य आकर्षण यह भी रहेगा कि इसमें बच्चों को हाथ धोने की सही प्रक्रिया (हैंड वॉश स्टेप्स) का प्रदर्शन करके सिखाया जाएगा, ताकि वे इसे अपनी दिनचर्या का हिस्सा बना सकें।

## दीपोत्सव पर बिजली व्यवस्था के लिए छः नोडल अधिकारी

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर ●** शहर में एक ओर जहां दीपावली पूर्व विशेष मैंटेनेंस कर बिजली आपूर्ति को गुणवत्ता से बनाए रखने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं, वहीं शहर अधीक्षण यंत्री ने छः कार्यपालन यंत्रियों को संपूर्ण महानगर इलाके में आपूर्ति व्यवस्था बनाए रखने एवं कार्मिकों को तकनीकी सहयोग प्रदान करने के लिए छः नोडल अधिकारी नामित किया है। इन कार्यपालन अधिकारियों को सतत विद्युत प्रदाय, विद्युत लाइनों एवं उपकरणों सी सुरक्षा का जिम्मा दिया गया है। शहर अधीक्षण यंत्री श्री डीके गाठे ने जिन अधिकारियों को विशेष रूप से 18 से 22 अक्टूबर तक के लिए जिम्मेदारी दी गई हैं, उनमें श्री डीके तिवारी को पूर्व शहर संभाग का नोडल अधिकारी, श्री सुनील सिंह को पश्चिम क्षेत्र का, श्री विनय प्रताप सिंह को उत्तर संभाग का, श्री शैलेंद्र सिंह भदोरिया को मध्य शहर क्षेत्र का, श्री राकेश सिंह जौहर को दक्षिण क्षेत्र का नोडल अधिकारी, श्री अनुज गुप्ता को स्काडा कंट्रोल सेंटर में उपस्थित रहकर शहर की आपूर्ति की मानिटिरंग करने एवं ग्रिडों की देखरेख के लिए निर्देशित किया गया है।

## रजत जयंती के मौके पर मराठी सोशल ग्रुप का अभिनन्दन



**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर ●** इन्दौर में संस्कृति, स्वाद और सहकार भावना के अद्वितीय आयोजन मेगा ट्रेड फेयर और मराठी फूड फेस्टीवल जत्रा के 25 वर्ष पूर्ण होने पर अभिनव कला समाज ने मेज़बान मराठी सोश्यल ग्रुप ट्रस्ट का अभिनंन्दन किया। अभिनन्दन पत्र में कहा गया मराठी जत्रा ने स्वाद, स्वच्छता, सौजन्यता, समन्वय और पारिवारिकता की मिसाल कायम करते हुए देशव्यापी प्रतिष्ठा अर्जित की है। यह आयोजन महाराष्ट्रीयन प्रबंध कौशल का अनुपम उदाहरण है। बदलते समय और सोच के साथ मराठी जत्रा ने भारतीय संस्कृति को जिस तरह से आत्मसात किया है वह अनुकरणीय है। इस आयोजन में बुजुर्ग और युवा पीढ़ी का अनोखा मिलन देखना रोमांचित करता है।

अध्यात्मिक गुरु डॉ. प्रदीप तराणेकर एवं भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा की ख़ास मौजूदगी में अभिनव कला समाज के अध्यक्ष प्रवीण खारीवाल, उपाध्यक्ष पं. सुनील मसूरकर, संयुक्त प्रधानमन्त्री आलोक बाजपेयी, कार्यकारणी सदस्य, सोनाली यादव, बंसीलाल लालवानी, ज्योत्सना सोहनी एवं सतीश फाल्के ने मराठी सोशल ग्रुप ट्रस्ट के अध्यक्ष सुधीर दांडेकर, सचिव तृप्ति महाजन, हर्षवर्धन लिखिते एवं राजेश शाह को अभिनन्दन पत्र भेंट किया। चार दिवसीय जत्रा के समापन अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भी वर्चुअली जुड़कर मराठी व्यंजनों की खुलकर तारीफ की और आयोजकों को बधाई दी।

## सम्पादकीय

### डिजिटल दुनिया में अमरावती के रिटायर्ड जज भी हो गए कैद, क्या कानून से ज्यादा ताकतवर हैं जालसाज?

महाराष्ट्र में पूर्व न्यायाधीश से 31 लाख की ठगी ने डिजिटल अरेस्ट की नई साइबर ठगी पर खतरे की घंटी बजा दी है। जानिए इससे कैसे बचें। डिजिटल प्रौद्योगिकी हमारे जीवन को आसान और कुशल बनाती है। इससे संचार, शिक्षा, बैंकिंग और स्वास्थ्य सहित कई सेवाएं बेहतर हो जाती हैं। निस्संदेह यह तकनीक आज के समय की जरूरत बन गई है। मगर निजी और व्यावसायिक स्तर पर इसका जितना महत्त्व है, बिना व्यापक जानकारी के इसका इस्तेमाल उतना ही खतरनाक साबित हो सकता है। इस आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल अब आपराधिक गतिविधियों में भी धड़ल्ले से होने लगा है। इसी तरह के एक मामले में महाराष्ट्र के अमरावती में उपभोक्ता अदालत से सेवानिवृत्त न्यायाधीश को साइबर जालसाजों ने 'डिजिटल अरेस्ट' कर उनसे इकतीस लाख रुपए ठग लिए। हालांकि, इस तरह की यह कोई पहली घटना नहीं है, इससे पहले भी ऐसे कई मामले देश भर में सामने आ चुके हैं। मगर सवाल है कि इन घटनाओं से शासन-प्रशासन और डिजिटल तकनीक से जुड़े लोग क्या सबक ले रहे हैं? क्या इस तरह के अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए विभिन्न स्तरों पर कोई ठोस उपाय किए गए हैं? दरअसल, 'डिजिटल अरेस्ट' का मतलब है कि जब साइबर जालसाज किसी व्यक्ति को आनलाइन माध्यम से डराते-धमकाते हैं और उसे तब तक एक स्थान पर ही रहने को मजबूर कर देते हैं, जब तक कि वह मुंह मांगी रकम नहीं दे देता। ऐसे में सबसे पहले यह जरूरी है कि डिजिटल तकनीक का इस्तेमाल करने वाले लोग ज्यादा से ज्यादा जागरूक हों। ताजा आंकड़ों के मुताबिक, देश में इंटरनेट उपयोगकर्ताओं की संख्या सौ करोड़ तक पहुंच गई है। मगर, सवाल है कि इनमें से कितने लोग ऐसे होंगे, जो डिजिटल तकनीक की जटिलताओं और इसके संभावित खतरों को जानते-समझते हैं? आए दिन सामने आ रहे साइबर अपराधों की तस्वीर से साफ है कि ऐसे लोगों की संख्या बेहद कम है। अंदाजा इस बात से भी लगाया जा सकता है कि अगर शिक्षित एवं उच्च पदों पर रहे लोग भी साइबर ठगी का शिकार हो रहे हैं, तो डिजिटल तकनीक के मामले में आम लोगों के साथ क्या स्थिति होगी। सरकार की भी यह जिम्मेदारी बनती है कि किसी नई तकनीक को लेकर जनता के बीच व्यापक जागरूकता लाई जाए। साथ ही, तकनीक के दुरुपयोग को रोकने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं।

# बिहार चुनाव में भाजपा और जदयू में 50-50 का फार्मूला... कौन बनेगा बड़ा भाई?



एनडीए के मुख्य घटक दलों भाजपा और जदयू को बराबर संख्या में यानी 101-101 सीटें दी गई हैं। इसके अलावा, अन्य सहयोगी दलों को भी चुनाव लड़ने के लिए हिस्सेदारी दी गई है। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) को 29 सीटें, राष्ट्रीय लोक मोर्चा (रालोमो) और हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) को छ-छ सीटें दी गई हैं।एनडीए के महासचिव विनोद तावड़े ने इस सीट बंटवारे की जानकारी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व ट्विटर) पर साझा की। उन्होंने लिखा, संगठित और समर्पित एनडीए परिवार ने आगामी बिहार विधानसभा चुनाव के लिए आपसी सहमति और सौहार्दपूर्ण माहौल में सीटों का वितरण पूर्ण किया। सभी सहयोगी दलों के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने इस फैसले का खुशी-खुशी स्वागत किया है। सभी साथी कमर कस चुके हैं और बिहार में फिर से एनडीए सरकार बनाने के लिए संकल्पित हैं। इस सीट बंटवारे में स्पष्ट रूप से यह संकेत मिलता है कि भाजपा और जदयू दोनों प्रमुख दल अपने क्षेत्रीय प्रभुत्व को बरकरार रखना चाहते हैं। 101-101 सीटों का विभाजन दोनों दलों के बीच संतुलन बनाए रखने की रणनीति है। इसके अलावा, छोटी पार्टियों को हिस्सेदारी देना भी गठबंधन की मजबूती और चुनावी संतुलन बनाए रखने का हिस्सा है।लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) को 29 सीटें दी गई हैं। यह संख्या इस बात का प्रतीक है कि गठबंधन में छोटे दलों की भूमिका को भी नजरअंदाज नहीं किया जा रहा है। राष्ट्रीय लोक मोर्चा और हम को छह-छह सीटें दी गई हैं, जो चुनाव में उनके स्थानीय और क्षेत्रीय प्रभाव को ध्यान में रखते हुए तय की गई हैं। इस सीट बंटवारें में कोई खास बात नहीं है सिवाय इसके किभाजपा और जेडीयू को बराबर-बराबर सीटें मिल रही हैं। अब तक प्रतीकात्मक ही सही जेडीयू की सीटेंभाजपा से अधिक रहतीं रहीं हैं।

यही कारण है सोशल मीडिया पर आम जनता यह आंकलन कर रही है कि अब बिहार में जनता दल या नीतीश कुमार की बढ़े भाई की भूमिका का अंत आ गया है। लोगों का कहना है किभाजपा ने अपने हिसाब से एनडीए के लोगों को टिकट दे दिया है। जाहिर है कि बिहार विधानसभा चुनावों परिणामों के बाद जेडीयूभाजपा की पिछलग्गू पार्टी बनकर रह जाएगी। पर यह इतना आसान नहीं है। अगर नीतीश कुमार स्वस्थ रहते हैं तो उनकी कुर्सी को चैलेंज करने वाला न कोई एनडीए में है और न ही कोई महागठबंधन में है।जाहिर है कि विधानसभा चुनावों में अगर एनडीए को बहुमत मिलता है तो नीतीश कुमार की कुर्सी सुरक्षित कही जा सकती है।

बताया जाता है कि नीतीश कुमार का कोर वोट बैंक- कुर्मी (4%), कोइरी (6%), और अन्य EBC (27%) -बिहार की सियासत में एन डी ए की रीढ़ है। 2020 में जे डी यू ने 43 सीटें जीतीं, लेकिन उनका वोट शेयर (15%) एन डी ए की कुल 37% वोट हिस्सेदारी का अहम हिस्सा था।भाजपा का अपना वोट (23%) अपर कास्ट और शहरी मध्यम वर्ग तक सीमित है। नीतीश कुमार की उम्र पर अगर ध्यान दें तो ये उनकी अंतिम राजनीतिक पारी हो सकती है।भाजपा जानती है कि जब तक नीतीश कुमार मजबूत हैं तब तक जेडीयू का अस्तित्व है। नीतीश कुमार अगर स्वास्थ्य कारणों से पार्टी के रोजमर्रा की राजनीति से दूर होते हैं तो पार्टी बिखर जाएगी। ऐसे में उनके कोर वोटर्स जैसे श्वक्ष्ट और महादलित वोटर महागठबंधन (आर जे डी +कांग्रेस) या प्रशांत किशोर की जन सुराज की ओर खिसक सकते हैं। जाहिर है कि भाजपा के लिए फिर बिहार को फतह करना हमेशा के लिए मुश्किल हो जाएगा। यही कारण है किभाजपा नीतीश कुमार का साथ कभी नहीं छोड़ेगी। भाजपा का सहयोगी दलों के साथ रिश्तों में विश्वसनीयता का सवाल बिहार में नीतीश की स्थिति को और मजबूत करता है। यूपी में 2022 मेंभाजपा ने अपना दल और निषाद पार्टी को कम सीटें देकर उनके साथ तनाव पैदा किया। झारखंड में एजेएसयू और JMM के साथ गठबंधन टूटने सेभाजपा को 2019 में नुकसान हुआ। बिहार में नीतीश के साथ ऐसा जोखिम भाजपा नहीं ले सकती।अगर चुनाव जीतने के बाद भाजपा नीतीश को मुख्यमंत्री पद से हटाने की कोशिश करती है तो इसका संदेश यूपी और झारखंड जैसे राज्यों में सहयोगी दलों के साथ ईबीसी वोटों पर भी पड़ेगा। भाजपा को पहले से ही उसके सहयोगी दल शंका की दृष्टि से देखते रहे हैं। अगर नीतीश कुमार को सीएम नहीं बनाया जाता है तो यह संदेश जाएगा किभाजपा ने बिहार में धोखा किया है। नीतीश को मुख्यमंत्री बनाकरभाजपा सहयोगियों को संदेश देना चाहेगी कि वह 'गठबंधन धर्म' निभाती है। 2020 में जे डी यूकी 43 सीटों के बावजूद नीतीश को मुख्यमंत्री बनाया गया, क्योंकिभाजपा को नीतीश की जरूरत थी। 2025 में भी यही रणनीति रहेगी।

नीतीश कुमार एन डी ए के लिए 'संतुलन बिंदु' हैं। बिहार की सियासत में जातिगत समीकरण और सामाजिक गठजोड़ अहम हैं। नीतीश का कुर्मी-EBC-महादलित वोट बैंक एन डी ए को वह संतुलन देता है, जोभाजपा अकेले नहीं हासिल कर सकती। 2020 में जे डी यूकी 43 सीटें थीं, लेकिन नीतीश की साख ने एन डी ए को 125 सीटें दिलाईं। अगर जे डी यूकी सीटें कम हुईं, तो भी नीतीश की साख और गठबंधन में उनकी भूमिका एन डी ए को बहुमत दिलाएगी। हम के जीतन राम मांझी ने कहा कि नीतीश के बिना एनडीए का संतुलन बिगड़ेगा। नीतीश की कम सीटेंभाजपा को दबाव में ला सकती हैं, लेकिन उनकी जगह कोई और मुख्यमंत्री लाना एन डी ए को अस्थिर करेगा।

सवाल यह भी है कि बिहारभाजपा में कोई ऐसा चेहरा नहीं, जो नीतीश की जगह ले सके। सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा के पास न तो नीतीश जैसी व्यापक स्वीकार्यता है, न ही EBC-महादलित वोट खींचने की क्षमता।भाजपा का वोट बैंक (23%) अपर कास्ट (भूमिहार, राजपूत) और शहरी मध्यम वर्ग तक सीमित है। नीतीश की तरह कोईभाजपा नेता पूरे बिहार में स्वीकार्य नहीं है। कुछ लोग महाराष्ट्र का उदाहरण दे रहे हैं । कहा जा रहा है कि जिस तरह एकनाथ शिंदे को डिप्टी सीएम बना कर देवेंद्र फडणवीस को सीएम बना दिया गया ऐसा ही कुछ बिहार में हो सकता है। पर नीतीश कुमार न एकनाथ शिंदे हैं और न ही भाजपा के पास बिहार में कोई देवेंद्र फडणवीस है।

X पर एक यूजर ने एक पोल में पूछा, नीतीश के बादभाजपा का मुख्यमंत्री कौन? 60% ने कहा, कोई नहीं। अगरभाजपा नीतीश कुमार को हटाकर अपना मुख्यमंत्री लाती है, तो EBC और महिला वोटर (50%) छिटक सकते हैं। 2024 लोकसभा में एनडीए की 30/40 सीटें नीतीश की मदद से आईं। नीतीश की अनुपस्थिति में तेजस्वी यादव की 'युवा' इमेज और 'नौकरी' नारा एन डी ए को नुकसान पहुंचा सकता है।

नीतीश की 'पलटीमार' हिस्ट्रीभाजपा को डराती भी है। 2013 (भाजपा से अलग), 2015 (आर जे डी के साथ), 2017 (एनडीए में वापस), 2022 (महागठबंधन के साथ)। 2024 में नीतीश फिर एन डी ए में लौटे, और कई बार बोल चुके हैं कि अब कोई पलटी नहीं। लेकिनभाजपा जानती है कि अगर नीतीश को मुख्यमंत्री पद न मिला, तो वह महागठबंधन के साथ जा सकते हैं। और महागठबंधन इसके लिए सहर्ष तैयार भी हो जाएगा।इसके पहले भी महागठबंधन ने नीतीश कुमार के पास कम विधायक होने के बावजूद उनको मुख्यमंत्री बनाया था। ङ्ग पर एक यूजर लिखता है कि नीतीश की पलटी का डर भाजपा को नीतीश को मुख्यमंत्री बनाए रखने पर मजबूर करता है। 2022 में नीतीश ने महागठबंधन जॉइन करभाजपा को झटका दिया था। इसके साथ ही अगर जे डी यूकी सीटें 20-30 तक सिमटीं, औरभाजपा ने नीतीश को मुख्यमंत्री न बनाया तो वह गठबंधन तोड़ भी सकते हैं।

**अशोक भाटिया,**
वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार ,
लेखक, समीक्षक एवं टिप्पणीकार

## आंचलिक

### बड़वाह के कुम्हार को नहीं मिला इलेक्ट्रॉनिक चाक परंपरागत चाक से बना रहे स्वदेशी दीपक

**बड़वाह● दैनिक इंदौर संकेत**

दीपावली नजदीक आते ही बड़वाह नगर के कुम्हार इन दिनों मिट्टी के दीपक बनाने में दिन-रात जुटे हैं। वे अभी भी पारंपरिक चाक का उपयोग कर रहे हैं, जबकि केंद्र सरकार की इलेक्ट्रॉनिक चाक योजना का लाभ उन्हें नहीं मिल पाया है। इससे उन्हें चीनी दीपकों से प्रतिस्पर्धा करने में कठिनाई हो रही है। केंद्र सरकार कुम्हारों की कार्यक्षमता बढ़ाने के लिए निशुल्क इलेक्ट्रॉनिक चाक प्रदान करने की योजना चला रही है। हालांकि, खरगोन जिले के बड़वाह के कारीगर भी शामिल हैं, अब तक इस



सुविधा से वंचित हैं। कुम्हार किशोर प्रजापत ने बताया कि दो बार आवेदन करने के बावजूद उन्हें इलेक्ट्रॉनिक चाक नहीं मिला है, जबकि अन्य जिलों में उनके साथी इस योजना का लाभ ले चुके हैं।

पारंपरिक चाक से दीपक बनाने में उत्पादन धीमा होता है और श्रम अधिक लगता है। किशोर प्रजापत और गोपाल प्रजापत के अनुसार, वे एक महीने से सुबह से शाम तक दीपक तैयार कर रहे हैं। दिनभर की कड़ी मेहनत के बाद वे लगभग 1500 दीपक ही बना पाते हैं। मिट्टी के दीपक बनाने से लेकर पकाने तक की लागत बढ़ गई है। कुम्हारों का कहना है कि उनकी मेहनत के अनुपात में उन्हें पर्याप्त आर्थिक लाभ नहीं मिल पा रहा है। बाजार में 12 देसी मिट्टी के दीपक मात्र 20 रुपए में बिक रहे हैं।

### ओंकारेश्वर में अंतरराज्यीय बाइक चोर गिरोह धराया, चार आरोपियों के कब्जे से 15 बाइकें मिली

**ओंकारेश्वर ● दैनिक इंदौर संकेत**

ओंकारेश्वर में पुलिस ने अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से साढ़े लाख रुपए की 15 मोटरसाइकिलें बरामद की गई हैं। यह गिरोह मध्य प्रदेश के अलावा महाराष्ट्र में भी सक्रिय था।

मांधाता पुलिस के अनुसार, 6 जुलाई 2025 को विकास पंवार की बाइक ओंकारेश्वर से चोरी हो गई थी, जिसकी रिपोर्ट मांधाता थाने में दर्ज कराई गई थी। इसी तरह 7 सितंबर को गजेश प्रजापति की बाइक भी चोरी हो गई थी। पुलिस ने इन



मामलों की जांच शुरू की और मुखबिर से सूचना मिली कि अनिल उर्फ गोलू नाम का व्यक्ति चोरी की बाइकें बेचता है।

**आरोपियों से पूछताछ में हुआ खुलासा** -पुलिस ने अनिल को गिरफ्तार कर पूछताछ की तो उसने बताया कि वह पिछले 2-3 सालों से भोपाल, खरगोन, हरदा, बैतूल, खंडवा और महाराष्ट्र के धारणी तहसील में बाइकें चोरी करता था। उसने यह भी बताया कि वह चोरी की बाइकें रिजवान, शेख इरफान और शेख शफाकत को बेचता था।

**आरोपियों को गिरफ्तार कर बाइकें बरामद की-** पुलिस ने अनिल की निशानदेही पर रिजवान के कब्जे से 7, शेख इरफान के कब्जे से 3 और शेख शफाकत के कब्जे से 4 बाइकें बरामद कीं। पुलिस ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

### खरगोन में 3 पुस्तकों का विमोचन, मप्र लेखक संघ ने साहित्यकारों को 11 हजार से नवाजा



**खरगौन ● दैनिक इंदौर संकेत**

मध्य प्रदेश लेखक संघ की खरगोन इकाई ने एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान जिले के साहित्यकारों की तीन नई पुस्तकों का विमोचन किया गया और लेखकों को सम्मानित किया गया। सम्मान स्वरूप प्रत्येक लेखक को 11 हजार रुपए और प्रशस्ति पत्र दिए गए।

कार्यक्रम में राजनाथ सोहनी की 100 कुंडलियां, डॉ. पुष्पा पटेल की समुंदर बीच किश्ती और महेश सोहनी की कुछ ऐसा भी सोचो? पुस्तकों का पाठ किया गया। साहित्यकार राकेश राणा, महेश जोशी और बृजेश बडोले ने अपनी-अपनी किताबों पर चर्चा की और रचनात्मक अनुभव साझा किए।

मुख्य अतिथि हरीश दुबे ने कहा कि ये पुस्तकें साहित्य की विविधता को दिखाती हैं और नई पीढ़ी के लेखन को दिशा देती हैं। विशेष अतिथि सेवानिवृत्त न्यायाधीश योगेश सोनगरिया ने पुस्तकों की विषयवस्तु पर विस्तार से चर्चा की।

संरक्षक कैलाश अग्रवाल ने लेखकों को स्वर्गीय भोमवतीदेवी अग्राल स्मृति पुरस्कार के तहत सम्मानित किया। डॉ. मधुसूदन बारचे ने लेखक संघ की गतिविधियों की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन वंदना खेड़े और तनवी परसाई ने किया। इसमें उत्तर प्रदेश, राजस्थान और निमाड़ क्षेत्र के 200 से अधिक साहित्यकार और संत मौजूद रहे।

### बड़वाह नगर पालिका स्वच्छता में प्रदेश में पहले स्थान पर सीवरेज के लिए नया प्लांट लगाया

**बड़वाह● दैनिक इंदौर संकेत**

बड़वाह नगर पालिका को स्वच्छता के क्षेत्र में शानदार प्रदर्शन के लिए मंगलवार को भोपाल में सम्मानित किया गया। नगर पालिका ने फास्टेस्ट मूवर सिटी (20 से 50 हजार की जनसंख्या श्रेणी) में पूरे राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त किया। यह दूसरा मौका है जब बड़वाह नगर को प्रदेश स्तर पर सम्मानित किया गया है। मुख्य नगर अधिकारी कुलदीप किंशुक ने बताया कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में बड़वाह नगर पालिका ने राष्ट्रीय स्तर पर 97वां और राज्य स्तर पर 45वां स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने बताया कि यह एक बड़ी छलांग है, क्योंकि पिछले वर्ष नगर पालिका देश में 838वें और प्रदेश में 333वें स्थान पर थी।

नगर पालिका अध्यक्ष राकेश गुप्ता ने इस सफलता का श्रेय स्वच्छता को प्राथमिकता देने और टीम के लगातार नए प्रयोगों को दिया। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि नगर पालिका की टीम, जनप्रतिनिधियों और जागरूक नागरिकों के संयुक्त प्रयासों का परिणाम है। सीवरेज के पानी को नर्मदा नदी में मिलने से रोकने के लिए पुराने टेंचिंग ग्राउंड पर नया प्लांट स्थापित किया गया। पुराने कचरे का वैज्ञानिक तरीके से निपटान किया गया। कचरे से उपयोगी और कलात्मक वस्तुएं (जैसे सेल्फी प्वाइंट) बनाकर नगर को सुंदर बनाया गया। कपड़े

### बुरहानपुर में ई-अटेंडेंस का विरोध, शिक्षक-कर्मचारी कलेक्ट्रेट पहुंचे-डेटा सुरक्षा पर जताई चिंता

**बुरहानपुर● दैनिक इंदौर संकेत**

बुरहानपुर में शिक्षा विभाग द्वारा लागू की गई ई-अटेंडेंस प्रणाली का विरोध जारी है। मंगलवार शाम 5.30 बजे बड़ी संख्या में शिक्षक और कर्मचारी संघ के पदाधिकारी व सदस्य नारेबाजी करते हुए कलेक्टोरेट पहुंचे। उन्होंने मुख्यमंत्री और प्रमुख सचिव, मध्य प्रदेश सरकार के नाम एक ज्ञापन अधिकारियों को सौंपा।

कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर संतोष सिंह दीक्षित ने कहा कि पूरे मध्य प्रदेश में ई-अटेंडेंस लागू करने के बाद इसके परिणाम शिक्षा जगत के लिए दुखद रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इसमें शिक्षकों का डेटा सुरक्षित नहीं है और यह प्रदेश के 6.50 लाख शिक्षक संवर्ग के लिए एक काला कानून है, जिसे स्कूली शिक्षा विभाग ने लागू किया है।



दीक्षित ने इस व्यवस्था में पक्षपात का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि यह स्कूली शिक्षा विभाग में लागू की गई है, लेकिन आदिम जाति कल्याण विभाग में नहीं। उन्होंने दावा किया कि इस प्रणाली के कारण लगभग एक दर्जन शिक्षकों की मौत हो चुकी है। उनका कहना था कि ई-अटेंडेंस शिक्षकों का मानसिक, शारीरिक और आर्थिक रूप से शोषण कर रही है, और विदेशी कंपनियों द्वारा डेटा बनाए जाने से परिवार की सुरक्षा भी खतरे में है।

### मानसिक विक्षिप्त और नाबालिग से रेप, एक ने संतान जन्मी; दूसरी का पेट दर्द होने पर दो माह के गर्भ

**खंडवा ● दैनिक इंदौर संकेत**

खंडवा जिले में रेप की दो दिल दहला देने वाली घटनाएं सामने आई हैं। पहले मामले में एक मानसिक विक्षिप्त युवती से रेप के बाद उसने एक बच्चे को जन्म दिया है। वहीं, दूसरे मामले में पेट दर्द की शिकायत पर डॉक्टर को दिखाने पहुंची 14 साल की नाबालिग लड़की दो महीने की गर्भवती निकली। पुलिस ने दोनों मामलों में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हरसूद थाना क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली 32 वर्षीय मानसिक विक्षिप्त युवती ने इसी साल मार्च में एक बच्चे को जन्म दिया था। युवती शादीशुदा नहीं थी और उसकी मानसिक हालत भी ठीक नहीं थी, इसलिए अस्पताल ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस जब युवती के मजदूर माता-पिता के पास पहुंची तो वे कोर्ट-कचहरी के डर से रिपोर्ट लिखवाने को तैयार नहीं हुए और महाराष्ट्र मजदूरी करने चले गए।

### राजस्व विभाग ने जेसीबी मशीनों को पकड़ा, फिर छोड़ दिया

**खंडवा ● दैनिक इंदौर संकेत**

नर्मदा नदी के किनारे अवैध खनन के मामले में राजस्व विभाग के अधिकारियों की भूमिका सवालों के घेरे में है। कार्रवाई करने गए अधिकारियों द्वारा पकड़ी गई जेसीबी मशीनों को छोड़ने के बाद ग्रामीणों ने सांठगांठ के आरोप लगाए हैं। तहसीलदार का दावा है कि मिट्टी के खनन को सरकार ने छूट दे रखी है, लेकिन खनिज विभाग ने इसे खारिज करते हुए जांच की बात कही है। यह मामला खंडवा जिले के मोरटक्का क्षेत्र के कटार गांव का है। ग्रामीणों की शिकायत पर तहसीलदार नरेंद्र मुवेल ने चार जेसीबी मशीनें और ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़ीं। प्रत्येक मशीन पर कोटवार बैठा दिए गए और उन्हें पुलिस चौकी ले जाने की तैयारी थी। लेकिन, अचानक कार्रवाई रोक दी गई और सभी वाहन छोड़ दिए गए। तहसीलदार नरेंद्र मुवेल का कहना है कि मिट्टी का खनन होने के कारण और सरकार द्वारा छूट प्राप्त होने के कारण केस दर्ज नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि उनके पास इस संबंध में शासन के आदेश और अधिसूचनाएं हैं।

खनिज इंस्पेक्टर कंचन दांडेकर ने कहा कि शासन की अनुमति के बिना किसी भी प्रकार का खनन नहीं हो सकता है। उन्होंने कहा कि मिट्टी, मुरूम और पत्थर सभी खनिज में शामिल हैं और मिट्टी को अलग से छूट देने का कोई नियम उनके संज्ञान में नहीं है। उन्होंने उच्च अधिकारियों से मार्गदर्शन लेने की बात कही है।

# स्वदेश पहुंचे विराट, ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए आज भारतीय टीम से जुड़ेंगे

**नई दिल्ली (एजेंसी)** ● भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली चार महीने बाद इंग्लैंड से भारत लौटे हैं। विराट अब ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारतीय टीम से जुड़ेंगे। भारतीय टीम बुधवार को इस दौरे पर रवाना होगी। विराट आईपीएल 2025 के बाद ही अपने परिवार के साथ लंदन चले गये थे। विराट ने इंग्लैंड दौरे के पहले ही टेस्ट प्रारुप से संन्यास ले लिया था। अब वह केवल एकदिवसीय प्रारुप में ही खेलते हैं। उन्हें ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया है। मार्च 2025 में चैंपियंस ट्रॉफी में मिली जीत के बाद ये विराट की पहली सीरीज होगी , इसप्रकार वह सात माह के बाद खेलते नजर आयेंगे। इस सीरीज में भारतीय टीम की कप्तानी शुभमन गिल करेंगे क्योंकि क्रिकेट बोर्ड ने हाल ही में रोहित शर्मा को कप्तानी से हट दिया था। विराट के अलावा रोहित शर्मा भी इसी सीरीज से वापसी करेंगे। वह भी चैम्पियंस ट्रॉफी के बाद से ही टीम से बाहर हैं। इस सीरीज में विराट और रोहित के प्रदर्शन के बाद ही तय होगा कि वह आगे खेलेंगे या नहीं।



भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज 19 अक्टूबर को पर्थ स्टेडियम में शुरु होगी। इसके बाद टीम 23 अक्टूबर को एडिलेड ओवल और 25 अक्टूबर को सिडनी क्रिकेट मैदान में खेलेगी। एकदिवसीय सीरीज़ के बाद, 29 अक्टूबर से पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज भी खेली जाएगी। यह दौरा टीम इंडिया के लिए आगामी वर्ष की तैयारियों में अहम साबित होगा। भारतीय टीम ने अंतिम बार साल 2020-21 में ऑस्ट्रेलिया का दौरा किया था, जहाँ उसे एकदिवसीय सीरीज़ में 2-1 से हार का सामना करना पड़ा था।

## भारतीय टीम के खिलाफ सीरीज के अनुभवों का लाभ एशेज में मिलेगा - मार्श

**मुंबई (एजेंसी)** ● मुम्बई (ईएमएस)। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के कप्तान मिशेल मार्श ने कहा है कि भारतीय टीम के खिलाफ होने वाली एकदिवसीय और टी20 सीरीज उनकी टीम के लिए काफी फायदेमंद रहेगी। साथ ही कहा कि इसके अनुभवों का लाभ उन्हें इसके बाद होने वाली एशेज सीरीज में मिलेगा। भारतीय टीम अपने इस दौरे में तीन एकदिवसीय मैचों के अलावा पांच मैचों की टी20 सीरीज भी खेलेगी। मार्श को इस सीरीज में नियमित कप्तान पैट कमिंस के चोटिल होने के कारण टी20 के साथ ही एकदिवसीय प्रारुप की भी कप्तानी दी गयी है। मार्श ने कहा, ''हमारे सभी खिलाड़ी एशेज के लिए तैयारी कर रहे हैं पर सभी को भारत जैसे शीर्ष स्तर की टीम के खिलाफ खेलना पसंद है।'' उन्होंने कहा, ''हमारे बीच जबरदस्त प्रतिद्वंद्विता है पर एक टीम के तौर पर हम उनके लिए बहुत सम्मान रखते हैं। मुझे लगता है कि एशेज सीरीज़ से पहले भारत को ये दौरा सही समय पर हुआ है।



## शुभमन की कप्तानी में भारतीय टीम को मिली टेस्ट सीरीज में पहली जीत

**नई दिल्ली (एजेंसी)** ● वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे क्रिकेट टेस्ट में जीत के साथ ही भारतीय टीम को नये कप्तान शुभमन गिल की कप्तानी में पहली सीरीज जीत मिली है। शुभमन की कप्तानी में भारतीय टीम की पहली सीरीज इंग्लैंड के खिलाफ 2-2 से बराबरी पर रही थी। वहीं अब घरेलू धरती पर भारतीय टीम ने वेस्टइंडीज को 2-0 से हराया है। इंग्लैंड दौरे पर हुई पांच टेस्ट मैचों की सीरीज में भारत और इंग्लैंड ने दो दो मैच जीते थे और एक मैच डॉ राह था। वहीं वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज में भारतीय टीम ने दोनो ही मैच आसानी से जीत लिये। पहले मैच में उसे एक पारी और 140 रनों से जीत मिली जबकि दूसरे टेस्ट में उसने सात विकेट से मुकाबला जीता। इंग्लैंड दौरे में शुभमन ने रिकार्ड 700 से अधिक रन बनाये थे। वहीं इस दौरे में भी दूसरे टेस्ट में उन्होंने शतक लगाया। शुभमन को कप्तान बनाये जाते समय इस फैसले की आलोचना हुई थी पर उन्होंने अपने प्रदर्शन और कुशल कप्तानी से सभी आलोचकों को गलत साबित किया है।



## सिने जगत

# 25 साल बाद शुभांगी अत्रे लौटीं अपने गांव

**मुंबई (एजेंसी)** ●एण्डटीवी के शो 'भाबीजी घर पर हैं' में प्यारी अंगूरी भाबी का किरदार निभा रहीं शुभांगी अत्रे ने 25 साल बाद अपने पुराने गांव का दौरा किया। उन्होंने सोशल मीडिया पर अपने सफर की झलक साझा की, जिसमें खेतों की हरियाली, पास का मंदिर और परिवार के साथ बिताए खास पल दिखाए गए। शुंभांगी अत्रे उर्फ अंगूरी भाबी ने अपनी भावनाओं को साझा करते हुए कहा, 25 साल बाद इंदौर के अपने गांव लौटना ऐसा था जैसे मैंने कुछ ही पलों में मेरा पूरा बचपन फिर से जी लिया। हर गली, हर कोना अपनी एक कहानी कह रहा था। वही पुल जहाँ मैं खेला करती थी, वही मंदिर जहाँ मैं बचपन में पूजा किया करती थी, और अपने पुराने दोस्तों और परिवार से मिलना- सब कुछ बहुत ही जादुई और भावुक अनुभव था। यह मुझे मेरी मासूमियत और सादगी की याद दिलाता है, जिसने आज की मेरी पहचान बनाई। समय जैसे थम गया और बचपन की सारी यादें एकदम ताज़ा हो गईं। अपने गांव लौटना मेरे लिए दिल को शांति और खुशियों से भर देने वाला अनुभव था। अपने अनुभव साझा करते हुए शुंभांगी ने आगे कहा, मुझे अपने जड़ों से जुड़े रहने का महत्व अच्छे से पता है। इस साल की शुरुआत में मैं अपने कथक गुरु से मिलने भी अपने पुराने गांव गई, लगभग 18 साल बाद। इस मुलाकात ने मुझे नृत्य के प्रति मेरा प्यार फिर से याद दिलाया और वो अनुशासन और खुशी भी लौटा दी जो डांस ने मेरे जीवन में दी थी। जब मैंने उस जगह पर कदम रखा जहाँ मेरी यात्रा शुरू हुई थी, समय जैसे थम सा गया। 25 साल बाद अपने गांव लौटना मेरे लिए अनगिनत यादों और भावनाओं को फिर से जीने जैसा अनुभव था, जो हमेशा मेरे दिल के करीब रहेंगी।



# राशा स्टार किड नहीं बल्कि फ्यूचर स्टार है

**मुंबई (एजेंसी)** ● राशा थडानी ने यह साबित कर दिया है कि वह सिर्फ एक स्टार किड नहीं, बल्कि एक फ्यूचर स्टार हैं। सोशल मीडिया पर उनके लुक्स और स्टाइल लगातार सुर्खियों में रहते हैं, और उनकी हर तस्वीर वायरल हो जाती है। राशा ने बॉलीवुड में अपने करियर की शुरुआत डेब्यू फिल्म 'आजाद' से की थी। भले ही यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ज्यादा सफल नहीं रही, लेकिन उनकी एक्टिंग, डांस और स्क्रीन प्रेजेंस ने दर्शकों का दिल जीत लिया। अपने पहले ही प्रोजेक्ट में उन्होंने अपने एक्सप्रेशन और आत्मविश्वास से फैंस को प्रभावित किया। सोशल मीडिया पर राशा बेहद एक्टिव हैं और उनके इंस्टाग्राम अकाउंट के तीन मिलियन से अधिक फॉलोअर्स उनके ग्लैमरस अंदाज़ और स्टाइल को फॉलो करते हैं। उनकी हर तस्वीर और वीडियो फैंस के बीच चर्चा का विषय बनती है।

केवल फिल्मों तक ही सीमित नहीं, राशा ने कई एड फिल्म्स और ब्रांड शूट्स में भी अपने अभिनय और ग्लैमर का जलवा दिखाया है। रेड आउटफिट में उनका सिजलिंग लुक हो या रैंप पर ग्रेसफुल वॉक, हर बार वह फैंस का ध्यान अपनी ओर खींचती हैं।राशा के फैशन और स्टाइल को देखकर कहा जा सकता है कि उन्होंने अपनी मां रवीना टंडन की स्टाइल को अपनाया है, और कई बार उनसे कड़ी टक्कर भी दी है। उनकी ग्लैमरस और फैशनेबल तस्वीरें उन्हें बॉलीवुड के उभरते सितारों में खास बनाती हैं।



## उज्जैन संभाग

## एबीवीपी का इंजीनियरिंग कॉलेज गेट पर अनिश्चित कालीन धरना, पूर्व प्राचार्य पर लगाए भ्रष्टाचार के आरोप

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**उज्जैन** ● अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय के पूर्व प्रभारी प्राचार्य पर गंभीर भ्रष्टाचार और अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए मंगलवार को अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया है। परिषद पूर्व प्राचार्य के कार्यकाल की जांच रिपोर्ट सौंपे जाने के बावजूद कार्रवाई न होने से असंतुष्ट है और तत्काल कार्रवाई की मांग कर रही है। पूर्व प्रभारी प्राचार्य डॉ. जेके श्रीवास्तव पर आरोप है कि उन्होंने इस राशि का दुरुपयोग व्यक्तिगत स्वार्थ और भ्रष्टाचार के लिए किया। परिषद के महानगर मंत्री सिद्धार्थ यादव के नेतृत्व में यह धरना कॉलेज गेट के बाहर दिया जा रहा है। यादव के अनुसार, आउटसोर्स एजेंसी को अनियमित भुगतान किया गया। अनुमोदित राशि 60 लाख रुपए प्रति वर्ष थी, लेकिन डॉ. श्रीवास्तव के कार्यकाल में प्रति वर्ष 3 करोड़ रुपए से अधिक का भुगतान किया गया। इसके अतिरिक्त, 75 से 80 कर्मचारियों के बजाय 120 कर्मचारियों को फर्जी उपस्थिति और कोड के माध्यम से भुगतान किया गया, जो नियमों के विरुद्ध है। इस प्रकार जून 2022 से सितंबर 2024 तक लगभग 1,86,79,847 रुपए का गबन किया गया।

# बीएसएफ के प्लेन पर बनेगा होटल, 40 लाख में खरीदा, 5 लाख में दिल्ली से उज्जैन पहुंचेगा

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**उज्जैन** ● उज्जैन में एयरपोर्ट खुलने से पहले शहर में क्स्स्न का बड़ा कार्गो प्लेन आएगा। यह प्लेन स्क्रैप का काम करने वाले उज्जैन के दो भाई वीरेंद्र और पुष्पेंद्र कुशवाह ने क्स्स्न की टेंडर प्रक्रिया से खरीदा है। दो दिन बाद ये प्लेन उज्जैन पहुंचेगा। इसके बाद दोनों भाई इस प्लेन में 5 रूम का कॉर्टेज बनाएंगे। इसमें लोग रुक भी सकेंगे। अनंता विलेज फार्म स्टे, शंकरपुर उज्जैन के कुशवाह बंधु स्क्रैप का काम करते हैं। दोनों ने दिल्ली में हुई टेंडर प्रक्रिया में क्स्स्न से करीब 40 लाख रुपए में ङ्कश्वक्र ङ्कञ्ज श्वङ्क प्लेन खरीदा है। 55 लोगों की सिटिंग व्यवस्था वाला प्लेन 15 फीट ऊंचा, 70 फीट लंबा,100 फीट चौड़ा और 20 टन भारी है। वीरेंद्र कुशवाह ने बताया कि स्क्रैप के काम के लिए कई बार सेना का सामान खरीदा लेकिन ये पहली बार है जब इतना बड़ा प्लेन लेकर आए हैं।

हमेशा स्क्रैप करके बेच देते थे, लेकिन इस बार हमारे फॉर्म हाउस पर इसको रखकर इसमें 5 लग्जरी कमरे बनवाएंगे। लोग आकर रुक सकेंगे। प्लेन को इस तरह से रिनोवेट कराएंगे कि जब कोई गेस्ट आकर रुकेंगे तो उन्हें प्लेन का ही फील आएगा। प्लेन फोटो शूट के साथ साथ प्री-वेडिंग शूट के लिए भी किराए पर मिल सकेगा।



पुष्पेंद्र ने बताया कि 2011 से स्क्रैप का काम कर रहे हैं। इससे पहले 2021 में फेमस मिग 21 को भी स्क्रैप में 4 लाख रुपए में खरीदा था। लेकिन उसे स्क्रैप में ही बेच दिया था। इस बार देशभर से उज्जैन आने वाले श्रद्धालुओं को एक नई सुविधा देने का प्लान किया है। इसलिए इसे होटल की तरह बनाएंगे। प्लेन को रिनोवेट करते समय पायलेट की चेयर भी रखी जाएगी ताकि जो लोग यहां रुकेंगे वो इस पर सेल्फी या फोटोग्राफी भी करा सकेंगे।

प्लेन दिल्ली एयरपोर्ट पर था। प्लेन क्स्स्न के जवानों को बॉर्डर पर ले जाने के लिए यूज किया जाता था। आपातकाल के समय सैनिकों को मेडिकल इमरजेंसी में उसका उपयोग किया जाता था। प्लेन रविवार को दिल्ली से जयपुर अजमेर नीमच मंदसौर जवारा नागदा ऊन्हेल होते बुधवार या गुरुवार को उज्जैन पहुंचेगा। यह दो बड़े ट्राले में लाया जा रहा है। प्लेन को तक लाने में 5 लाख रुपए खर्चा किया गया है।

## जीएसटी के सवालों पर असहज हुए भाजपा विधायक-आत्मनिर्भर भारत और स्वदेशी संकल्प विषय पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे

**आगर - मालवा ● दैनिक इंदौर संकेत**

भाजपा के प्रदेश सह कोषाध्यक्ष और उज्जैन विधायक अनिल जैन कालूखेड़ा सोमवार को आगर मालवा के स्थानीय विश्राम गृह में आत्मनिर्भर भारत और स्वदेशी संकल्प विषय पर अपने विचार रखने पहुंचे। इस दौरान पत्रकारों के तीखे और सीधे सवालों ने उन्हें असहज कर दिया। विधायक जैन ने स्वदेशी संकल्प को विकसित भारत की नींव बताया, लेकिन प्रेस वार्ता का रुख तब बदल गया, जब पत्रकारों ने सरकार की टैक्स नीतियों पर सवाल पूछने शुरू किए।

**टैक्स पर सवालों से बचे विधायक**- एक देश, एक टैक्स% (जीएसटी) नीति से जुड़े सवालों पर विधायक जैन स्पष्ट जवाब नहीं दे पाए। वे बात टालते नज़र आए। जीएसटी की दर इतने साल बाद क्यों कम की गई? क्या सरकार ने पहले गलत किया था, जिसे अब सही कर वाहवाही ली जा रही है?

**स्वदेशी पर ज़ोर**- अपने मुख्य विषय पर बोलते हुए विधायक जैन ने कहा कि - घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी हमारा मंत्र और लक्ष्य है। उन्होंने ज़ोर दिया कि स्वदेशी को अपनाना केवल आर्थिक मजबूती नहीं, बल्कि यह हमारी संस्कृति और आत्मा से जुड़ा हुआ संकल्प है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में यह स्वदेशी संकल्प %विकसित भारत% की नींव बन रहा है। उन्होंने हर नागरिक से देशी उत्पादों को अपनाकर अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने का आह्वान किया। विधायक जैन ने मेक इन इंडिया, वोकल फॉर लोकल और आत्मनिर्भर भारत जैसे अभियानों के प्रति भाजपा सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई।



## 50 किलो मावे पर चलाया रोड रोलर, आधा दर्जन से अधिक जगह पर दूध, घी, मावा, मिठाई के सैंपल लिए

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**उज्जैन** ● उज्जैन में खाद्य विभाग की टीम ने बड़ी कार्यवाही करते हुए करीब आधा दर्जन से अधिक दुकानों से मावा घी दूध मिठाई के सैंपल लिए साथ ही महिदपुर से आया मावा सड़क कीचड़ में रखा था उसको जब्त कर करीब 50 किलो मावे को टीम ने रोलर से नष्ट करवा दिया। दिवाली का त्यौहार आते ही खाद्य विभाग की टीम लगातार कार्रवाई कर रही है। सोमवार शाम को खाद्य अधिकारी बसंत शर्मा बीएस देवलिया की टीम ने उज्जैन बड़नगर में कई जगह कार्रवाई की। गाड़ी अड्डे चौराहे पर सड़क पर रखे मावे की खबर पर टीम पहुंची तो मावा सड़क पर गंदी जगह पर कीचड़ में रखा हुआ था। बसंत शर्मा ने बताया कि टीम को मावे की जानकारी मिली थी मावे को जब्त कर पूछताछ की गई तो पता चला की मावा महिदपुर से उज्जैन के गोपाल मंदिर के पास जयराम मावा सेंटर के लिए आया था। मावा सड़क पर बेहद गंदी जगह पर रखा था। टीम ने तत्काल 50 किलो मावे को कब्जे में लेकर उसको एमआर 5 स्थित निगम के डिपो पर रोड रोलर चढ़वाकर नष्ट कर दिया। इधर खाद्य विभाग की एक टीम बड़नगर पहुंची यहां पर टीम ने कमल डेयरी से दूध, गोपाल डेयरी से घी, शर्मा स्वीट से मिठाई, उज्जैन के मंछामन से नारायण डेयरी से घी और दूध, नवकार किराना से सौंप के सैंपल लिए है। खाद्य अधिकारी शर्मा ने व्यापारियों को हिदायत दी है कि हाइजेनिक खाद्य पदार्थ ही बेचे। शुद्धता का ध्यान रखे।



## दुकान के बाहर साड़ी टांगने पर रॉड से पीटा, उज्जैन के छोटा सराफा बाजार में दो दुकानदारों के बीच विवाद

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**उज्जैन** ● छोटा सराफा बाजार में विवाद का वीडियो सामने आया है। इसमें पास की दुकान चलाने वाले दुकानदार आदित्य वर्मा, दुकान के बाहर डिस्प्ले में साड़ी लगाने को लेकर विवाद करते हुए लोहे की रॉड से हमला कर देता है। घटना के दौरान दो महिलाएं भी दुकान के अंदर दिखाई दे रही हैं। हमले से वे इतनी डर गईं कि तुरंत दुकान छोड़कर भाग गईं। पुलिस ने आरोपी पर मामला दर्ज कर लिया है। रामजी की गली में हरीश और विवेक झाला, निवासी दानीगेट, सोमवार (13 अक्टूबर) को अपनी साड़ियों की दुकान चिरंजीव वस्त्रालय पर बैठकर व्यापार कर रहे थे। उनकी दुकान पर दो महिलाएं साड़ी की खरीदारी कर रही थीं। दोनों भाइयों ने अपनी दुकान के बाहर डिस्प्ले में साड़ियां टांग रखी थीं। दोपहर करीब 2 बजे, पास के ही दुकानदार आदित्य वर्मा (44), निवासी तिरुपति धाम, ने बाहर टंगी साड़ियों पर आपत्ति जताते हुए उन्हें हटाने को कहा।

# कलेक्टर ने जिले में प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए, 2 माह तक बिना अनुमति धरना, प्रदर्शन, जुलूस, रैली पर रोक

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**उज्जैन** ● उज्जैन कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने आगामी त्यौहारों को देखते हुए जिले में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 (1) के अंतर्गत उज्जैन जिले के संपूर्ण क्षेत्र में प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए है। हालांकि वैवाहिक एवं सामाजिक संस्कार के सबंध के लिए आवश्यक छूट रहेगी। आदेश के तहत कोई भी व्यक्ति, समूह, संस्था सार्वजनिक स्थानों पर किसी भी प्रकार के धारदार या अन्य हथियार लेकर नहीं चलेगा और न ही प्रदर्शन करेगा। बिना अनुमति कोई भी व्यक्ति, समूह, संस्था किसी स्थान पर सभा, धरना, प्रदर्शन, जुलूस, रैली, सार्वजनिक कार्यक्रम आदि का आयोजन नहीं करेगा। जिले में डी.जे. बैण्ड या ध्वनि विस्तारक यंत्र के बिना अनुमति के उपयोग पर भी प्रतिबंध लगाया है। बिना अनुमति कोई भी व्यक्ति, समूह, संस्था या अन्य किसी भी स्थान पर किसी भी प्रयोजन के लिए टेंट, पंडाल आदि का स्थायी या अस्थाई निर्माण नहीं करेगा।

**सोशल मीडिया पर भी नजर**- कोई भी व्यक्ति, समूह, संस्था या ग्रुप एडमिन, या अन्य सोशल मीडिया और इलेक्ट्रॉनिक संसाधनों जैसे मोबाइल, कंप्यूटर, फेसबुक, ई-मेल, वॉट्सऐप आदि का उपयोग करते समय किसी दल, धर्म, जाति, संस्था या व्यक्ति के खिलाफ आपत्तिजनक सामग्री नहीं साझा करेगा।

**बिना अनुमति के शूटिंग, वीडियो, रील, फोटोग्राफी पर रोक**- ऐतिहासिक इमारतों, रेल्वे स्टेशन, बस स्टैण्ड, न्यायालयों, शासकीय कार्यालयों, अन्य सार्वजनिक स्थलों एव पार्कों पर किसी भी व्यक्ति, संस्था एवं संगठन द्वारा बिना अनुमति के शूटिंग, वीडियो, रील एवं फोटोग्राफी आदि नहीं करेगा। जिले में स्थित होटल, लॉज, विश्राम स्थल, धर्मशाला, सराय आदि में ठहरने वाले बाहरी व्यक्तियों की सूचना संबधित संस्थान के संचालक द्वारा प्रतिदिन संबंधित थाना प्रभारी को अनिवार्य रूप से लिखित में दी जाएगी।

# शहर के मुक्तिधामों को होगा जीर्णोद्धार

## सभी झोनल अधिकारियों को लेटर भेजा, मुक्तिधामों की जानकारी मांगी

**इंदौर • इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

शहर के साथ ही 29 गांवों के श्मशानों की स्थिति जानने के लिए सभी झोनल अधिकारियों को एक लेटर भेजा है। पिछले दिनों हुई परिषद की बैठक में भी श्मशान का मुद्दा उठा था। जिसके बाद श्मशानों के जीर्णोद्धार का काम किया जाएगा। इसके लिए जनसहयोग भी लिया जाएगा, नगर निगम भी मदद करेगा। साथ ही इसके लिए कमेटियों का भी गठन किया जाएगा। दरअसल, एमआईसी मेंबर व प्रभारी महापौर राजेंद्र राठौर ने मुक्तिधामों के जीर्णोद्धार के लिए प्रस्ताव बनाकर भेजने के लिए सभी झोनल अधिकारियों को लेटर भेजा है।

शहर में स्थित वर्षों पुराने मुक्तिधाम का जीर्णोद्धार किया जाना आवश्यक है। 9 अक्टूबर को आयोजित नगर निगम परिषद सम्मेलन में पार्षदों द्वारा मुक्तिधामों के जर्जर स्थिति की जानकारी दी, उनके जीर्णोद्धार की मांग की है। शहरी क्षेत्र के साथ निगम सीमा में सम्मिलित हुए 29 ग्रामीण क्षेत्र में स्थित मुक्तिधामों में सुधार काम किए जाने आवश्यक है, परिसरों में अव्यवस्थाएं फैली



हुई है। इसी प्रकार मालवा मिल मुक्तिधाम की स्थिति दयनीय हो चुकी है। शव दहन स्थलों पर शेड लगाने तथा सभागृहों में सुधार कर नए निर्माण करना जरूरी है। झोनल क्षेत्र के अंतर्गत स्थित मुक्तिधामों में आवश्यकता अनुसार कामों के साथ-साथ जीर्णोद्धार, सौंदर्यीकरण के काम के प्रस्ताव बनाकर जनकार्य मुख्यालय में प्रस्तुत किए जाए।

एमआईसी मेंबर व प्रभारी महापौर राजेंद्र राठौर ने कुछ दिनों पहले ही मालवा मिल मुक्तिधाम की स्थिति देखी थी, जिसे देख वे भी आश्चर्य में पड़ गए थे। उन्होंने बताया कि कैलाश विजयवर्गीय के समय में मालवा मिल मुक्तिधाम का निर्माण हुआ था। वहां विद्युत शवदाह गृह बनाया था, सभा कक्ष बनाया था। अच्छा डेवलपमेंट किया था, मगर इस बात को 25 साल हो गए है। जहां अंतिम संस्कार किया जाता है, कुछ साल पहले उसे ठीक कराया था। जहां पर शव रखा जाता है वहां गड्ढे पड़ गए थे। फायर ब्रिक्स शहर में मिल नहीं रही है। हमने यहां का दौरा किया, हम उसकी रिपेयरिंग करा रहे हैं। विद्युत शवदाह गृह खत्म हो चुका है, चिमनी भी खराब हो गई है, सभागृह भी दयनीय स्थिति में है। जगह-जगह कचरे-मलवा का ढेर पड़ा था। उसकी पूरी साफ-सफाई कराई गई है। इस मुक्तिधाम का डेवलपमेंट कराया जा रहा है। उसमें नगर निगम तो सहयोग करेगा। साथ ही इसके लिए जनप्रतिनिधि, उद्योगपति, समाजसेवियों व लोगों की एक कमेटी भी बनाई जाएगी। नगर निगम और जनसहयोग के माध्यम से काम कराया जाएगा। प्रभारी महापौर ने बताया कि सभी झोनल अधिकारियों को लेटर भेजा है। 29 गावों में व शहरी क्षेत्रों में मुक्तिधाम है, जिनकी स्थित दयनीय है। वॉशरूम में पानी नहीं है आ रहा है, शवदाह गृह नहीं है, अस्थि रखने के लिए लॉकर नहीं है। इन समस्याओं को दूर करने के लिए कमेटी बनाकर जनसहयोग और नगर निगम के माध्यम से काम किया जाएगा। इसके लिए सभी झोनल अधिकारियों को लेटर भेजा है।

# अरुण सिंह भदौरिया को आउट ऑफ टर्म प्रमोशन, विधायक की जान बचाने पर सम्मान

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • राऊ विधानसभा से बीजेपी विधायक मधु वर्मा की जान बचाने वाले जवान अरुण सिंह भदौरिया को राज्य सरकार ने आउट ऑफ टर्म





प्रमोशन देने का फैसला किया है। यह निर्णय नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के हस्तक्षेप के बाद लिया गया। 24 सितंबर 2024 को अचानक हार्ट अटैक आने से विधायक मधु वर्मा अपने घर पर बेहोश हो गए थे। मौके पर मौजूद उनके PSO अरुण सिंह भदौरिया ने तुरंत सीपीआर दी। इससे मधु वर्मा के हृदय की धड़कनें दोबारा शुरू हो गईं। इसके बाद विधायक को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया। अस्पताल में डॉक्टरों ने बताया कि यदि सीपीआर वक्त पर न दी जाती तो हालत बिगड़ सकती थी। उन्होंने जवान की सूझबूझ और तेजी की सराहना की। नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा, कुछ लोग इसे ड्यूटी मान सकते हैं, लेकिन यह बहादुरी और सही फैसला लेने का उदाहरण है। मंत्री के हस्तक्षेप के बाद सरकार ने आउट ऑफ टर्म प्रमोशन देने का फैसला किया। यह कदम न केवल सम्मान है, बल्कि प्रदेश के सुरक्षा कर्मियों के लिए प्रेरणा भी है। इलाज के बाद राऊ विधायक मधु वर्मा अब पूरी तरह से ठीक हैं और अपने काम में सक्रिय हैं।

# त्योहार के समय हर घर और दुकान उगल रहे रोज हजारों टन कचरा

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • दीपावली की सफाई के चलते घरों और दुकानों से बड़े पैमाने पर कचरा निकल रहा है। इसके लिए कई वार्डों में पहले से लगाए गए संसाधन कम पडने लगे हैं तो निगम ने वर्कशाप से अतिरिक्त संसाधन लेकर वार्डों में भेजे हैं। रोज सुबह से लेकर देर रात तक हल्ला गाडियों से लेकर बड़ी गाडियां कचरा उठाने के कामों में जुटी हैं। 150 से ज्यादा वाहन अतिरिक्त दिए गए और इन दिनों ट्रेंचिंग ग्राउंड पर हर रोज 1400 टन कचरा पहुंच रहा है, जबकि आम दिनों में यह आंकड़ा 1100 से 1200 टन के बीच रहता था।

हर बार दीपावली के पूर्व निगम स्वास्थ्य विभाग का अमला सभी वार्डों में अपनी तैयारियां करता रहा है, ताकि बाद में दिक्कतें न आएं, लेकिन इस बार



भी पूर्व से की गई व्यवस्थाएं फेल हुईं और कई जगह कचरा उठाने के लिए अतिरिक्त संसाधन और टीमें लगानी पड़ीं। कई झोनलों पर दो से तीन अतिरिक्त हल्ला गाडियां तैनात की गईं, क्योंकि वार्डों से गाडियां लबालब होकर कचरा ट्रांसफर स्टेशन पहुंच रही हैं और इसी के चलते कुछ बड़े वाहन भी कचरा ट्रांसफर स्टेशनों पर तैनात किए गए हैं।

इसके अलावा मुख्य मार्गों से कचरा लेने के लिए कुछ बड़े वाहन भी लगाए गए हैं, ताकि व्यापारिक क्षेत्रों से सूखा कचरा लिया जा सके। हालांकि गीले-सूखे कचरे के लिए बाजारों में भेजे जाने वाली अलग-अलग हल्ला गाडियां पहले से ही दौड़ाई जा रही हैं। नगर निगम अधिकारियों के मुताबिक घरों से लेकर बाजारों तक निकलने वाले कचरे को ट्रांसफर स्टेशन भेजा जा रहा है और कई बड़े वाहन, जो बाजारों से सूखा कचरा एकत्र कर रहे हैं, उन्हें सीधे ट्रेंचिंग ग्राउंड भेजा जा रहा है। ट्रेंचिंग ग्राउंड पर भी कई अतिरिक्त कर्मचारियों की तैनाती की गई है। यही व्यवस्था कई कचरा ट्रांसफर स्टेशनों पर की गई है। स्वास्थ्य विभाग के अपर आयुक्त रोहित सिसोनिया के मुताबिक आम दिनों में कचरा 1100 से 1200 टन तक ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचता रहा है, लेकिन दिवाली के पूर्व यह आंकड़ा 1350 टन से 1400 टन के बीच पहुंच चुका है।

### खाद विभाग की बड़ी कार्रवाई

# गोपी ब्रांड का हजार किलो नकली घी और 3500 सौ किलो मावा पकड़ाया

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • इंदौर के खाद्य विभाग अधिकारी मनीष स्वामी के नेतृत्व में बड़ी कार्रवाई करते हुए, गोपी ब्रांड नाम का हजार किलो नकली घी और 3500 सौ किलो नकली मावा पकड़ा गया है। अहमदाबाद और ग्वालियर से आई दो बसों से भारी मात्रा में संदिग्ध खाद्य सामग्री जब्त की।

दरअसल, कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देश पर की गई इस कार्रवाई की जानकारी खाद्य सुरक्षा अधिकारी अवशेष अग्रवाल ने मीडिया को दी। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान टीम ने मिठाई में उपयोग होने वाले 16 बोरियों में बंद मावा, लगभग 1 टन घी और सैकड़ों किलो मीठा मावा जब्त किया है। प्रारंभिक जांच में इन खाद्य सामग्रियों की गुणवत्ता संदिग्ध पाई गई है और इसकी



कीमत लगभग 8 से 10 लाख रुपये आंकी गई है।

अधिकारियों ने बताया कि जब्त की गई खाद्य सामग्री के सैंपल जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए हैं। रिपोर्ट आने के बाद यदि मिलावट की पुष्टि होती है, तो संबंधित व्यापारियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।खाद्य विभाग की यह कार्रवाई दीपावली के मद्देनज़र बाजार में मिलावटी और घटिया खाद्य पदार्थों की रोकथाम के उद्देश्य से की गई है। अधिकारी ने आम नागरिकों से भी अपील की है कि वे त्योहारों के दौरान खाद्य सामग्री खरीदते समय विशेष सतर्कता बरतें और संदिग्ध उत्पादों की जानकारी विभाग को दें।

# राजवाड़ा क्षेत्र अब छह दिन के लिए नो व्हीकल जोन, लेकिन पार्किंग के लिए जगह नहीं

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • दीपावली त्यौहार को देखने हुए ट्रैफिक विभाग ने राजवाड़ा क्षेत्र को बुधवार से 21 अक्टूबर तक नो व्हीकल झोन घोषित किया है। राजवाड़ा की तरफ चार पहिया वाहन, ई-रिक्शा, ऑटो, सिटी बस, कार आदि का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा, लेकिन सवाल यह उठता है कि लोग अपने वाहन कहां पार्क करेंगे। जो पार्किंग स्थल ट्रैफिक विभाग ने सुझाए है, वहां वाहन खड़े करने की जगह नहीं बचती। अफसरों को अस्थाई पार्किंग की व्यवस्था करना चाहिए। 21 अक्टूबर तक दोपहर 12 से रात 9 बजे तक राजवाड़ा क्षेत्र नो व्हीकल जोन रहेगा।

ट्रैफिक विभाग ने दो पहिया व चार पहिया वाहनों को राजवाड़ा क्षेत्र के आसपास के पार्किंग स्थलों पर खड़े करने को कहा है। नगर निगम की तरफ से आने वाले वाहन एमजी रोड से फ्रूट मार्केट,



कृष्णा पूरा छत्री स्थित न्यू पार्किंग में वाहन पार्क करेंगे।

संजय सेतु की तरफ से आने वाले वाहन संजय सेतु, नन्दलाल पूरा, कृष्णा पूरा छतरी न्यू पार्किंग में वाहन पार्क करेंगे। मच्छी बाजार की तरफ से आने वाले वाहन यशवंत रोड, नरसिंग बाजार चौक, मालगंज, सुभाष चौक पार्किंग में वाहन पार्क करेंगे।बड़ा गणपति की तरफ से आने वाले वाहन बड़ा गणपति, मल्हार गंज थानासुभाष चौक पार्किंग में पार्क करेंगे।

राजवाड़ा का ट्रैफिक मल्हारगंज, छिपा बाखल गली, गोराकुंड चौराहा,सुभाष चौक, इमली बाजार चौराहा, मालगंज चौराहा, नरसिंह बाजार चौराहा, पीपली बाजार तिराहा, यशवंत रोड चौराहा, पंढरीनाथ मंदिर चौक, रेशम गली, नंदलाल पुरा चौक, संजय सेतु, फ्रूट मार्केट, हेमिल्टन रोड, मृगनयनी चौराहा, नगर निगम चौराहा की तरफ मोड़ा जाएगा।

# 21 अक्टूबर को गौतमपुरा में फिर गूंजेगा हिंगोट युद्ध का रणघोष

**निलेश चौहान**
**(94250-77209)**

**दैनिक इंदौर संकेत**

**गौतमपुरा** • दीपावली की रौनक के बाद अब इंदौर ज़िले का देहात क्षेत्र एक बार फिर अनोखी परंपरा के रंग में रंगने को तैयार है। सैकड़ों सालों की पुरातन परंपरा – हिंगोट युद्ध की तैयारियाँ इस समय जोरों पर हैं। दीपावली के अगले दिन 21 अक्टूबर को होने वाले इस ऐतिहासिक आयोजन में रुणजी और गौतमपुरा की दो पारंपरिक टीमें – तुर्रा और कलंगी -आपस में युद्ध करेंगी।

यह युद्ध क्षेत्र की धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान बन चुका है। हिंगोट फल में बारूद भरकर योद्धा अग्निबाण के रूप में एक-दूसरे पर फेंकते हैं। यह परंपरा केवल एक खेल नहीं, बल्कि





साहस, ऊर्जा और सामाजिक एकता का प्रतीक मानी जाती है।

दोनों ही पक्षों में इस बार जोश चरम पर है। 200 से अधिक योद्धाओं ने कमर कस ली है और अभ्यास में जुट गए हैं। हर वर्ष की तरह इस बार भी हिंगोट युद्ध देखने के लिए आसपास के गाँवों और शहरों से हजारों की संख्या में दर्शक गौतमपुरा पहुँचेंगे।

नगर प्रशासन भी तैयारियों के लिए पूरी तरह कमर कस चुका है। गौतमपुरा नगर परिषद द्वारा मैदान की साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था और भीड़ नियंत्रण की जिम्मेदारी संभाली जा चुकी है। सुरक्षा को लेकर जिला प्रशासन भी सक्रिय है। जिला स्तर की सुरक्षा बैठक जल्द आयोजित की जाएगी, जिसमें पुलिस, प्रशासन और आयोजन समिति के प्रतिनिधि शामिल होंगे।

दीपावली के दूसरे दिन यानी 21 अक्टूबर को गौतमपुरा का मैदान एक बार फिर अग्निबाणों की रणभूमि में तब्दील होगा। रण घोष के साथ जब तुर्रा और कलंगी के योद्धा मैदान में उतरेंगे, तो आसमान में चमकते हिंगोट और गूंजती आवाज़ें एक बार फिर इस गौरवशाली परंपरा को जीवंत कर देंगी।

# अम्बेडकर नगर इंदौर से रीवा तक चलाई जाए स्पेशल ट्रेन

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • सामाजिक संस्था विंध्याचल सोशल ग्रुप के अध्यक्ष आर पी शर्मा,सचिव दिलीप मिश्रा व मीडिया प्रभारी डॉ आर एन मिश्रा ने बताया कि जैसा कि कुछ दिन पूर्व ही विंध्यांचल शोसल ग्रुप इंदौर ने रेलवे के वरिष्ठ एवं सक्षम अधिकारियों के साथ साथ डीआरएम एवं सांसद इंदौर शंकर लालवानी जी से मिल कर डाक्टर अंबेडकर नगर से रीवा ट्रेन को नियमित करने एवं रीवा भोपाल विकली ट्रेन को नियमित कर इंदौर के अम्बेडकर नगर या लक्ष्मीबाई नगर स्टेशन तक चलाने की मांग कर चुका है। दीपावली त्यौहार के कारण विंध्य वासी भी अपने पैतृक गांव में परिवार जनों के साथ दीपावली का त्यौहार मनाना चाह रहे है। लेकिन रीवा अम्बेडकर नगर विकली ट्रेन के अलावा रेलवे द्वारा जो विषेश ट्रेन चलाई जा रही है उसमें भी लगभग एक सप्ताह पहले ही नो रिजर्वेशन यानी रिग्रेट हो गया है। एवं अम्बेडकर नगर रीवा ट्रेन (11704 ) में भी यही हाल है इसको (दीपावली) देखते हुए रेलवे को रीवा के लिए एक और विषेश रेलगाड़ी चलाना चाहिए।

### .....ताकि टैक्स चोरी के साथ अस्थायी परमिट का दुरुपयोग रोका जा सके

# टेम्प्रेरी परमिट और चेसिस रजिस्ट्रेशन शुल्क बढ़ाने का फैसला

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • परिवहन विभाग ने टेम्प्रेरी परमिट और चेसिस रजिस्ट्रेशन फी बढ़ाने का फैसला किया है। शुल्क बढ़ाने का उद्देश्य कर चोरी रोकना और सिस्टम को पारदर्शी बनाना है। नए नियम 30 दिनों में लागू होंगे। इनसे खासतौर पर उन वाहन मालिकों पर वित्तीय दबाव बढ़ेगा, जो टेम्प्रेरी परमिट का इस्तेमाल कर रहे हैं। टेम्प्रेरी परमिट वाहन मालिकों को अस्थायी रूप से वाहन चलाने की अनुमति देता है, जब तक कि उनका स्थायी पंजीकरण नहीं हो जाता। अब, नए नियमों में टेम्प्रेरी परमिट पर शुल्क में बढ़ोतरी की जा रही है। यह परिवर्तन मुख्य रूप से अस्थायी परमिट का उपयोग 7 लंबे समय तक करने के खिलाफ है, जिससे अब वाहन मालिकों को स्थायी परमिट का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। पहले 100 किलोमीटर तक 200 रुपए प्रति सीट प्रति माह शुल्क था, और इसके बाद हर 10 किलोमीटर पर 12 रुपए प्रति सीट शुल्क लगता था । नए नियमों के अनुसार टेम्प्रेरी परमिट पर पहले किलोमीटर से ही 12 रुपए प्रति सीट प्रति माह शुल्क लगेगा। स्थायी परमिट वाले वाहनों पर पहले किलोमीटर के लिए 200 रुपए शुल्क लिया जाएगा और उसके बाद 12 रुपए प्रति सीट हर 10 किलोमीटर पर शुल्क लगेगा।

शादी की बस के परमिट में बढ़ोतरी परिवहन विभाग ने शादी और अन्य पारिवारिक आयोजनों के लिए अस्थायी बस परमिट शुल्क में भी बढ़ोतरी की है। पहले यह शुल्क 12 रुपए प्रति सीट प्रति माह था, जिसे अब बढ़ाकर 20 रुपए प्रति सीट प्रति माह कर दिया गया है।

इस वृद्धि से उन परिवारों पर अतिरिक्त खर्च का बोझ पड़ेगा जो शादी के लिए बसें किराए पर लेते हैं। वाहन स्क्रैपिंग प्रमाणपत्र पर छूट – 15 साल पुराने वाहनों को स्क्रैप करने के बाद, वाहन मालिकों को नए वाहन पर 50% कर में छूट मिलने का प्रावधान है। यह छूट केवल तब मिलेगी जब वाहन मालिक स्क्रैप वाहन का प्रमाणपत्र अपने नाम से जारी कराएगा और नया वाहन उसी नाम से खरीदा जाएगा। यदि प्रमाणपत्र पर वाहन मालिक का नाम नहीं है या यदि नया वाहन अन्य व्यक्ति के नाम पर खरीदा जाता है, तो छूट नहीं मिलेगी।

**उपनगरों के बीच चलने वाले वाहनों पर टैक्स में कमी**-कुछ वाहनों के लिए शुल्क में कमी की गई है, खासतौर पर उन वाहनों के लिए जो महानगरों और उपनगरों के बीच चलते हैं। पहले इन वाहनों पर 150 रुपए प्रति सीट प्रति माह शुल्क लिया जाता था, लेकिन अब यह शुल्क 150 रुपए प्रति सीट हर तीन महीने के लिए लिया जाएगा। इसका उद्देश्य उपनगरों में परिवहन को बढ़ावा देना है और वाहनों की संख्या को बढ़ाना है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक : **अक्षय तिवारी** द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमि. 44-45/ए, 50-51/ए, सेक्टर एफ इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड़, इंदौर (मप्र)- 452008 से मुद्रित एवं 5/6, नार्थ राजमोहल्ला (गुरुद्वारे के सामने), इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। **आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650**
सभी विवादों के लिए न्याय क्षेत्र केवल इंदौर रहेगा। समाचार पत्र में व्यक्तिगत नाम से प्रकाशित खबर एवं आलेख के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।